



RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच






वर्ष- 14, अंक - 26 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 9 नवंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास खबर...

### छत्तीसगढ़ में आईटी का बड़ा छापा, रायगढ़, कोरबा और रायपुर में कोयला-इस्पात उद्योग से जुड़े कारोबारियों के घर पहुंची टीम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में केंद्रीय जांच एजेंसियों की छापेमार कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। ईडी के बाद अब इनकम टैक्स की टीम ने बुधवार सुबह छत्तीसगढ़ के तीन जिलों में छापा मारा है। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर, कोरबा और रायगढ़ में आईटी की टीमें कोयला कारोबारियों और इस्पात उद्योग से जुड़े कारोबारियों के घर और उनके ठिकानों पर कार्रवाई कर रही है। रायगढ़ में एनआर इस्पात के मालिक संजय अग्रवाल के ठिकानों पर जांच की जा रही है। वहीं शहर के गजानंद नगर में कोयला कारोबारी राकेश शर्मा के घर भी कार्रवाई जारी है।

### राजधानी में भी आईटीम टीम ने मारा छापा

राजधानी रायपुर में लॉ विस्टा सोसायटी में रामगोपाल अग्रवाल के घर आईटी टीम जांच कर रही है। रिंटू सिंह, जय अम्बे ट्रांसपोर्टर के मालिक जोगेन्दर के भाई के घर में भी टीम दस्तावेज खंगाल रही है।

### Earthquake: उत्तर भारत में हिली धरती, पड़ोसी देश में छह लोगों की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूरे उत्तर भारत में मंगलवार की देर रात भूकंप (Earthquake) के तेज झटके लगे। दो बार में तेज झटके लगने से कई कॉलोनियों व मोहल्लो में लोग घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के झटके देर रात 1.58 बजे महसूस किए गए। कुछ रुककर दो बार झटके लगने से नींद में सोए लोग भी जाग गए और घरों से बाहर निकल आए। वहीं भूकंप का केंद्र रहे नेपाल में छह लोगों की मौत हो गई है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक डोटी जिले में एक घर गिरने से इन लोगों की मौत हुई है।

बुरी तरह घबराए लोगों में से कुछ ने अपने घरों और दीवारों को चेक करना शुरू कर दिया। कुछ देर में भूकंप की सूचना एक-दूसरे को बताने और इसे कनफर्म करने के लिए लोगों के फोन घनघनाते रहे। जानकारों के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 6.3 से अधिक थी। दिल्ली-एनसीआर के अलावा उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के आसपास के जिलों में भी लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए।


नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक इसका केंद्र नेपाल में जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था। बता दें कि उत्तर भारत में महज पांच घंटे के भीतर दूसरी बार भूकंप के झटके महसूस हुए हैं। इससे पहले मंगलवार रात आठ बजकर 52 मिनट पर लखनऊ समेत यूपी के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। उसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.9 मापी गई थी। वहीं नेपाल में यह मंगलवार को 24 घंटे के भीतर तीसरा भूकंप का झटका रहा।

## सीएम बोले-आदिवासी निश्चिंत रहे

# आरक्षण के मुद्दे को लेकर होगा विधानसभा का विशेष सत्र

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत को भेजा प्रस्ताव
- एक एवं दो दिसंबर को विधानसभा का विशेष सत्र आहूत किए जाने का किया आग्रह

श्रीकंचनपथ न्यूज





**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिवासी आरक्षण के मुद्दे को लेकर विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने का प्रस्ताव विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत को भेजा है। मुख्यमंत्री ने आगामी एक एवं दो दिसंबर को विधानसभा का विशेष सत्र आहूत किए जाने का आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिवासी समाज को भरोसा दिलाया है कि राज्य में आरक्षण के मामले में आदिवासी निश्चिंत रहें, उन्हें 32 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे है। महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक में आरक्षण की विधिक स्थिति का अध्ययन करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन की ओर से वरिष्ठ अधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का दल शीघ्र वहां जाएगा। अध्ययन दल के गठन एवं इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय द्वारा आदेश भी जारी कर दिया गया है।


मुख्यमंत्री ने कहा है कि आदिवासियों के हित और उनके संरक्षण के लिए संविधान में जो अधिकार प्रदत्त है, उसका पालन हमारी सरकार कर रही है। हमारी स्पष्ट मंशा है कि संविधान द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग को प्रदान किए गए सभी संवैधानिक अधिकार उन्हें प्राप्त हों। आरक्षण के मामले को लेकर हमने विधानसभा अध्यक्ष महोदय से एक एवं दो दिसंबर को विधानसभा का विशेष सत्र आहूत किए जाने का भी आग्रह किया है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने आदिवासी समुदाय के विकास और कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है। आदिवासियों के समुचित विकास के लिए विकास प्राधिकरणों में स्थानीय विधायकों को ही अध्यक्ष बनाया गया। आदिवासियों के विकास के लिए अनेक योजनाएं बनाई गईं और उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया। आदिवासी समुदाय के आस्था स्थल देवगुड़ी और घोटुल का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार का काम भी बीते पौने चार सालों से प्राथमिकता से कराया जा रहा है। राज्य के आदिवासी अंचल में स्वास्थ्य और शिक्षा की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है।

मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में ही आदिवासी बाहुल्य जिलों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन कराते हुए छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति, सभ्यता और कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का काम किया जा रहा है। वनवासियों के हितों को ध्यान में रखते हुए वंचितों को वन अधिकार पत्र वितरण और पेसा कानून लागू करने जैसे कार्य छत्तीसगढ़ सरकार ने किए हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार का मुख्य फोकस गांव, गरीब, किसान और आदिवासियों, वनवासियों पर है। खासतौर से आदिवासियों को अधिकार सम्पन्न बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने काम किया है। गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही को पहला पूर्ण आदिवासी जिले के रूप में गठित किया गया। इसी कड़ी में मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर का भी गठन किया गया है। आदिवासी व वनवासियों को आरक्षित क्षेत्र में अधिकार प्रदान करते हुए व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, सामुदायिक वन अधिकार पत्र एवं सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र वितरित किए जा रहे हैं।

## डीवाई चंद्रचूड़ बने देश के 50वें मुख्य न्यायाधीश, राष्ट्रपति मुर्मू ने दिलाई शपथ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आज देश के 50वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर पदभार ग्रहण किया। बुधवार सुबह राष्ट्रपति भवन में हुए कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चंद्रचूड़ को प्रधान न्यायाधीश के तौर पर शपथ ग्रहण कराई। उन्होंने सीजेआई यूयू ललित की जगह ली है, जो आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इससे पहले छह नवंबर को सीजेआई यूयू ललित को औपचारिक सेरेमोनियल बेंच गठित कर विदाई दी गई थी।

### विवाहेतर संबंधों पर पलट दिया पिता का ही फैसला

जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के फैसले चर्चित रहे हैं। इनमें वर्ष 2018 में विवाहेतर संबंधों (व्याभिचार कानून) को खारिज करने वाला फैसला शामिल है। 1985 में तत्कालीन सीजेआई वाईवी चंद्रचूड़ की पीठ ने सौमित्र विष्णु मामले में भादंवि की धारा 497 को कायम रखते हुए कहा था कि संबंध बनाने के लिए फुसलाने वाला पुरुष होता है न कि महिला। वहीं, डीवाई चंद्रचूड ने 2018 के फैसले में 497 को खारिज करते हुए कहा था 'व्याभिचार कानून महिलाओं का पक्षधर लगता है लेकिन असल में यह महिला विरोधी है। शादीशुदा संबंध में पति-पत्नी दोनों की एक बराबर जिम्मेदारी है, फिर अकेली पत्नी पति से ज्यादा क्यों सहे? व्याभिचार पर दंडात्मक प्रावधान संविधान के तहत समानता के अधिकार का परोक्ष रूप से उल्लंघन है क्योंकि यह विवाहित पुरुष और विवाहित महिलाओं से अलग-अलग बर्ताव करता है।

### पिता वाईवी चंद्रचूड़ थे 16वें प्रधान न्यायाधीश

जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के पिता यशवंत विष्णु चंद्रचूड़ वाईवी चंद्रचूड़ देश के 16वें चीफजस्टिस थे। वाईवी चंद्रचूड़ का कार्यकाल 22 फरवरी 1978 से 11 जुलाई 1985 तक करीब सात साल रहा। यह किसी सीजेआई का अब तक का सबसे लंबा कार्यकाल है। पिता के रिटायर होने के 37 साल बाद उनके बेटे जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ सीजेआई बने हैं। यह सुप्रीम कोर्ट के भी इतिहास का पहला उदाहरण है कि पिता के बाद बेटा भी सीजेआई बनेगा।

## अहमदाबाद का ऐसा वार्ड जो चुनता है 5 विधायक और 4 सांसद, फिर भी विकास में पीछे

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अहमदाबाद के नगर पालिका वार्ड लांभा के लोगों की एक बड़ी समस्या है। 44 वर्ग किलोमीटर में फैले इस क्षेत्र के लोग 4 सांसद, 5 विधायक और 4 पार्षद को चुनाव में मतदान करते हैं। लांभा वार्ड कई लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों में बंटा हुआ है। यही कारण है कि लांभा का विकास प्रभावित रहता है। यहां के मतदाताओं में भारी कंफ्यूजन रहता है कि अपनी बुनियादी समस्याओं के लिए किसका दरवाजा खटखटाएं। लांभा में वेजलपुर, दसक्रोई, दाणीलिमड़ा, वाटवा और मणिनगर विधानसभा पड़ती हैं। इसके साथ ही खेड़ा, गांधीनगर, अहमदाबाद पश्चिम और अहमदाबाद पूर्वी लोकसभा क्षेत्र भी लांभा में ही पड़ता है। लांभा से अहमदाबाद नगर निगम के पार्षद, कालू भारवाड़ बताते हैं कि, उनका वार्ड शहर का इकलौता वार्ड है जो इतनी विधानसभाओं और लोकसभाओं में पड़ता है। कालू भारवाड़ कहते हैं, इस तरह का डिवीजन से लोगों को काफी दिक्कद का सामना करना पड़ता है, जब लोगों के सामने कोई समस्या आती है तो उन्हें नहीं समझ आता किसके पास जाना चाहिए, साथ ही पार्षद भारवाड़ ने कहा कि, इस तरह के बंटवारे से लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और सांसद, विधायक अनुदान से वंचित रहना पड़ता है।

## प्रेमी जोड़े ने किया सुसाइड, होटल के कमरे में शादीशुदा प्रेमी के साथ फंदे पर झुलती मिली लड़की की लाश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मिनी इंडिया भिलाई के जुनवानी रोड में स्थित एक होटल में प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। घटना बुधवार सुबह की है। स्मृति नगर थाना अंतर्गत आने क्रिस होटल के एक कमरे में दोनों की लाश पंखे पर एक ही फंद्दे से लटके हुए मिली है। घटना का खुलासा उस वक्त हुआ जब सुबह लड़के का दोस्त होटल पहुंचा और उसने दरवाजा नहीं खोलने की जानकारी होटल स्टाफ को दी। जब कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो दोनों की लाश दुपट्टे से बने फंद्दे पर लटके मिली। जिसके बाद होटल स्टाफने इस घटना की सूचना तुरंत स्मृति नगर पुलिस को दी। प्रेमी जोड़े की पहचान कर ली गई है। मृतकों के परिजन भी घटना स्थल पहुंच गए हैं।

### पहले से शादीशुदा है प्रेमी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों मृतक बालिग हैं। लड़का पहले से शादीशुदा है। उसकी पत्नी गर्भवती है। दोनों प्रेमी जोड़े पिछले डेढ़ साल से प्रेम संबंध में थे। प्रेमिका ने कुछ महीने पहले प्रेमी के खिलाफ बलात्कार का केस भी पुलिस में दर्ज कराया था। जिसके बाद मृतक प्रेमी 50 दिन जेल में रहा। पुलिस ने बताया कि मृतक लड़की कोहका और लड़का कातुलबोर्ड का रहने वाला है। फिलहाल इस मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। दोनों मृतक मंगलवार शाम को होटल पहुंचे थे। होटल स्टाफने बताया कि दोनों मृतक अक्सर इस होटल में रात रूकते थे।

## नदी से है जीवन तो ठेंगे पर क्यों?




'राम तेरी गंगा मैली हो गई, पापियों के पाप धोते-धोते' में बात सौ टका खरी कही गई है. नदियों को जीवनदायिनी माना गया है. सभी सभ्यताओं का विकास नदियों के तट पर ही हुआ. पर सभ्यता जब असभ्यता में बदल गई तो नदियों का स्वरूप ही बिगड़ गया. पानी न केवल जीवन धारण के लिए आवश्यक है बल्कि पर्यावरण का भी आवश्यक तत्व है. प्यास बुझाने के साथ ही पानी नहाने, धोने, जलक्रीड़ा करने, खेतों को सींचने और भूमि की नमी को बनाए रखने के लिए भी जरूरी है. यातायात का सबसे सस्ता साधन भी जलमार्ग ही है. जब तक नदी के मार्ग में कोई बाधा न हो, वह निरंतर बहती है, सबकुछ बहाकर समन्दर तक ले जाती है. इससे उसकी स्वच्छता बनी रहती है. जब तक यह सिस्टम काम करता था, नदियों का जल पवित्र था. पर अब वक्त बदल गया है. पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उसपर बांध, चेकडैम, एनीकेट और तरह-तरह की संरचनाएं खड़ी की जा चुकी हैं. अब नदी निरंतर बहने वाला पानी का स्रोत न होकर टुकड़े-टुकड़े जलाशयों में बंट गई है. इसलिए कुछ भी बहकर जाता नहीं. बांध, चेकडैम और एनीकेट के पास नदी में गाद जमा होती है. कुछ समय बाद गाद इतनी हो जाती है कि नदी की गहराई कम होने लगती है. इससे बांध की जलधारण क्षमता भी कम हो जाती है. पानी कम और कचरा ज्यादा होने पर गंध तो आएगी ही. इसलिए राजिम का पवित्र त्रिवेणी संगम अब अपनी बदहाली पर रो रहा है. महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों का यह संगम अब रेत का मैदान मात्र है. बीच-बीच से लकीरों तरह महानदी बहती है. प्लास्टिक बोरियों के अवशेष, ठंडा की गई पूजा-पाठ की सामग्री और शैवाल के चलते यहां से दुर्गंध उठने लगी है. झाड़-झंखाड़ ने इसे बदसूरत कर दिया है. दरअसल, बांधों के चलते इस इलाके में पानी बहुत कम शेष बचता है. नदी के इस बिगड़े स्वरूप को राजिम मेले का बेतरतीब आयोजन और बिगाड़ देता है. नदी की छाती पर रेत से भरे बोरों की सड़कें बनाई जाती हैं ताकि लोग नदी के बीच संगम तक जा सकें. यहां रेत भरी बोरियों से ही एक अलग कुंड बनाया जाता है जिसमें औघड़ और साधु संत शाही स्नान करते हैं. मेला खत्म होने के बाद यह सब खण्डहर के रूप में पड़ा रह जाता है. त्रिवेणी संगम होने के कारण यहां क्रियाकर्म भी खूब होता है. घी, तेल, फूल-पत्ता, आदि का खूब उपयोग होता है. मुंडन संस्कार के बाद बालों का भी गोला बनाया जाता है. इन सभी वस्तुओं को नदी में ठंडा करने का रिवाज है. नदी का चुल्लू भर पानी आवर्जना के इस बोझ को नहीं सह पाता. यहां सवाल आस्था का नहीं बल्कि नदी के अस्तित्व का है. नदी का उपयोग तो ठीक है पर उसका इस तरह बलात्कार करना कहां तक उचित है?



## संपादकीय

# चेतने का समय

जिस वक्त मिस्र के शर्म अल-शेख में दुनिया भर के करीब 100 देशों के शासनाध्यक्ष जलवायु परिवर्तन पर माथापच्ची में जुटे हैं, ठीक उसी वक्त देहरादून स्थित 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग' (आईआईआरएस) के वैज्ञानिकों का खुलासा चिंतित करने वाला है। आईआईआरएस के वैज्ञानिकों ने जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल और उत्तराखंड के सैटेलाइट डाटा के विश्लेषण के आधार पर आगाह किया है कि देश के उत्तर-पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के तापमान में बढ़ोतरी के कारण हिमालय पर बर्फ तेजी से पिघल रही है, जिससे अगले कुछ वर्षों में तो गंगा और यमुना जैसी इससे जुड़ी नदियों में भरपूर पानी रहेगा, लेकिन बाद के वर्षों में इनमें पानी घटना शुरू हो जाएगा, जो गंभीर जल संकट पैदा कर सकता है। वैज्ञानिकों का दावा है कि हिमालय में 'स्नो लाइन कवर' हर साल पांच से दस मीटर पीछे खिसक रहा है, यानी बर्फ की मात्रा में कमी आ रही है। इससे स्वाभाविक ही इसकी नदियों का जलस्तर प्रभावित होगा। देश, खासकर उत्तर भारत के जल-संसाधन में इन नदियों की क्या अहमियत है और ये कितनी विशाल आबादी की जीवनधारा हैं, यह बताने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। कुछ साल पहले तक तापमान में बढ़ोतरी की बहस को बौद्धिक विलास कहकर इसका उपहास उड़ाने वाली जमातें भी अब हालात की गंभीरता स्वीकारने लगी हैं। यही नहीं, अब आम आदमी भी इसका असर साफ-साफ महसूस कर रहा है। नवंबर का दूसरा सप्ताह चल रहा है और राष्ट्रीय राजधानी में लोग पंखे चलाकर सो रहे हैं। गौर कीजिए, यह क्षेत्र सर्वाधिक वायु प्रदूषण वाले इलाकों में शुमार है। ऐसे में, हिमालय पर कम बर्फ गिरने और उनके तेजी से पिघलने को लेकर जो बातें कही गई हैं, उन पर गौर किया जाना चाहिए। दुखद यह है कि ऐसी रिपोर्टें लगातार आ रही हैं, मगर इस दिशा में जिस तत्परता से कदम उठाए जाने चाहिए, वह नहीं हो पा रहा। इसके विपरीत संवेदनशील इलाकों की पारिस्थितिकी के साथ खिलवाड़ वाली गतिविधियां जारी हैं। इसी वर्ष अप्रैल में 'जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया' के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के विशेषज्ञों ने अपने अध्ययन में पाया था कि हिमालयी क्षेत्र के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। यह ठीक है कि ग्लेशियरों का पिघलना कुदरती प्रक्रिया है, उसमें मनुष्य का जोर नहीं, पर क्या पहाड़ों की पारिस्थितिकी बिगाड़ने में भी इंसानों का कोई दखल नहीं है? बाढ़, चक्रवाती तूफान और बादलों के फटने जैसी कुदरती आपदाओं में लगातार बढ़ोतरी की वजह बिगड़ता पर्यावरण है, इसे कई वैज्ञानिक अध्ययनों ने पुष्ट किया है। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार देश इसकी कीमत चुका रहे गरीब देशों की पुकार सुनने को अब भी तैयार नहीं। मगर यह किसी एक क्षेत्र या देश का नहीं, पूरी मानवता का मसला है। कोविड-19 ने साफ कर दिया है कि कुदरती संकटों से अमीर मुल्क भी निरापद नहीं रहने वाले। इसलिए, आने वाली पीढ़ियों की खातिर यदि प्राकृतिक संसाधनों को अक्षुण्ण रखना है, तो उसके लिए देशों को आपसी सामंजस्य बनाना ही होगा। आईआईआरएस के वैज्ञानिकों के खुलासे के बाद हम जैसे विशाल आबादी वाले देशों को अपने जल संसाधन के संदर्भ में दीर्घकालिक रणनीति बनाने की जरूरत है। हमारे शहर तो अभी ही गरमियों में प्यास से तरसने लगते हैं, ऐसे में जब नदियों में पानी ही न होगा, तब क्या सूरत होगी?

" देश, खासकर उत्तर भारत के जल-संसाधन में इन नदियों की क्या अहमियत है और ये कितनी विशाल आबादी की जीवनधारा हैं, यह बताने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। कुछ साल पहले तक तापमान में बढ़ोतरी की बहस को बौद्धिक विलास कहकर इसका उपहास उड़ाने वाली जमातें भी अब हालात की गंभीरता स्वीकारने लगी हैं। यही नहीं, अब आम आदमी भी इसका असर साफ-साफ महसूस कर रहा है। नवंबर का दूसरा सप्ताह चल रहा है और राष्ट्रीय राजधानी में लोग पंखे चलाकर सो रहे हैं।

## उपचुनाव के तीन संदेश और एक सबक!

छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों के नतीजे का क्या संदेश और सबक है? मोटे तौर पर एक संदेश यह है कि भाजपा अपने दम पर अखिल भारतीय पार्टी बन रही है। दूसरा संदेश यह है कि कांग्रेस कई नए राज्यों में समाप्त होने की कगार पर पहुंच गई है। और तीसरा संदेश यह है कि प्रादेशिक क्षत्रपों से मुकाबला भाजपा के लिए अब भी मुश्किल है। इन तीन संदेशों के अलावा एक सबक है कि अगर विपक्षी पार्टियां एकजुट नहीं होती हैं और वोटकटवा पार्टियों का इस्तेमाल भाजपा अपने हिसाब से करती रहती है तो आगे का हर चुनाव विपक्ष के लिए ज्यादा मुश्किल होता जाएगा। ओडिशा और बिहार में अगर विपक्ष एकजुट रहता तो नतीजे अलग हो सकते थे। तेलंगाना में भी कांग्रेस और टीआरएस साथ लड़े होते तो टीआरएस उम्मीदवार की जीत का अंतर बहुत बड़ा होता। उपचुनावों के नतीजों के संदेश पर बात करें तो यह तय हो गया है कि भाजपा अब अपने दम पर अखिल भारतीय पार्टी बनने की ओर से बढ़ रही है। उसने अपना एक ऐसा मजबूत सामाजिक आधार तैयार कर लिया है कि वह किसी भी मजबूत प्रतिद्वंद्वी को चुनौती दे सकती है। बिहार की दो विधानसभा सीटों और ओडिशा व तेलंगाना की एक एक सीट के नतीजे से इसका संकेत मिलता है। बिहार की दो में से एक सीट राजद और एक भाजपा ने जीती। गोपालगंज सीट उसके विधायक के निधन से खाली हुई थी और उसने दिवंगत विधायक की पत्नी को उम्मीदवार बनाया था। वे करीब 18 सौ वोट से जीतीं, जबकि पिछले चुनाव में उनके पति 35 हजार से ज्यादा वोट से जीते थे। हालांकि तब भाजपा और जदयू का गठबंधन था और दोनों का एक मजबूत सामाजिक आधार था। जदयू के अलग होने और राजद के साथ मिल जाने के बाद भी राजद उम्मीदवार के खिलाफ भाजपा की उम्मीदवार का 41 फीसदी वोट हासिल करना बहुत बड़ी बात है। जीत का अंतर भले कम रहा लेकिन जाति में बंटे बिहार में यह नतीजा एक बड़ा संदेश देने वाला है। यह भी हकीकत है कि बसपा और एमआईएम के करीब साढ़े 12 फीसदी वोट की वजह से राजद की हार हुई लेकिन उनका लड़ना भी अनायास नहीं था। भाजपा के लिए ये दोनों पार्टियां कई जगह मुफीद साबित हुई हैं और आगे भी इनके इस तरह से भाजपा की मदद करने से इनकार नहीं किया जा सकता है। सो, विपक्ष को उस हिसाब से अपनी तैयारी करनी होगी। बिहार की दूसरी सीट मोकामा में पिछली बार अनंत सिंह 35 हजार वोट से जीते थे, जब राजद अकेले लड़ी थी। इस बार जब राजद और जदयू मिल कर लड़े हैं तो उनकी पत्नी करीब 16 हजार वोट से जीती हैं। वहां भी भाजपा उम्मीदवार का अपने दम पर 42 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल करना मामूली नहीं है। इन दोनों चुनावों को इस रोशनी में देखने की जरूरत है कि आज बिहार की सभी पार्टियां- राजद, जदयू, कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, सीपीआईएमएल, हम, वीआईपी आदि एक साथ हैं और दूसरी ओर अकेले भाजपा है, जिसे बंटी हुई लोजपा का समर्थन है। इसके बावजूद अगर विधानसभा के चुनाव में भाजपा अपने दम पर 40 फीसदी से ऊपर वोट हासिल कर रही है तो यह बिहार की राजनीति में उसके मजबूत होते सामाजिक व राजनीतिक आधार का संकेत है। बिहार के बाहर भाजपा ने सबसे कमाल का प्रदर्शन तेलंगाना में किया, जहां उसके उम्मीदवार को 38 फीसदी से कुछ ज्यादा वोट मिले। भाजपा का उम्मीदवार करीब 10 हजार वोट से हार गया, लेकिन तेलंगाना राष्ट्र समिति, कांग्रेस और एमआईएम के गढ़ में भाजपा का मुख्य मुकाबले में होना और 87 हजार के करीब वोट हासिल करना इस बात का संकेत है कि कर्नाटक के बाद तेलंगाना दूसरा राज्य बन रहा है।

" संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की पिछली केंद्र सरकार ने ग्रामीण भारत के लिए रोजगार की व्यवस्था करके इसका उपाय निकालने का प्रयास किया था, जिसके बाद भारत की राजसत्ता कम से कम गांवों में बेरोजगारों के साथ खड़ी दिखती है। पिछले दिनों नगरों में भी रोजगार की गारंटी देने वाली योजना की शुरुआत राजस्थान की सरकार ने की है, जिसका असर देर-सबेर अन्य प्रदेशों पर भी पड़ेगा, क्योंकि रोजगारहीन नागरिकता निरर्थक होती है।

# आखिर हमने क्यों शुरू किया आरक्षण

आनंद कुमार, वरिष्ठ समाजशास्त्री

सोमवार को अपने आदेश में सर्वोच्च अदालत ने गरीब सवर्णों को आरक्षण देने संबंधी कार्यपालिका के आदेश की वैधानिकता तय कर दी। मगर इस फैसले के कई पहलू ऐसे हैं, जिन पर स्थिति अब भी स्पष्ट नहीं है। चिंता की बात यह भी है कि आरक्षण को लेकर समाज का दृष्टिकोण तेजी से बदल रहा है और समाज विज्ञानियों के अलावा शायद ही कोई अन्य आरक्षण व्यवस्था का तार्किक, दार्शनिक और नैतिक आधार जानता है।

हमारे मुल्क में जो सामाजिक व्यवस्था है, उसमें किसी भी अन्य देश की तरह कुछ ताकत के कारक हैं, तो कुछ दोष के। इन गड़बड़ियों को दूर करने की जिम्मेदारी आजादी के बाद की पीढ़ी की थी और इसके लिए संविधान नामक मार्गदर्शक दस्तावेज भी बनाया गया। इसमें उन वर्गों और समुदायों के लिए विशेष अवसर के प्रावधान किए गए, जिनको हम वंचित कहते हैं। अपने देश में भेदभाव के चार आधार रहे हैं- लिंग भेद, जाति भेद, गरीबी-अमीरी और धर्म या धार्मिक बहुसंख्यक। आरक्षण की व्यवस्था इसीलिए की गई कि जो लोग पीछे हैं या जिन लोगों के पांवों में हमने परंपराओं की जंजीर बांध रखी थी, वह जंजीर राजनीतिक समानता पैदा करने से तो टूट गई, लेकिन आर्थिक व सामाजिक समानता के लिए उनमें नेतृत्व-निर्माण और क्षमता-विस्तार भी आवश्यक था। क्षमता-विस्तार के लिए शिक्षा के अधिकार की जरूरत थी, तो नेतृत्व-निर्माण के लिए आरक्षण की। आज यदि गरीबी का समाधान भी आरक्षण में खोजा जा रहा है, तो यह संविधान की प्रतिकूल व्याख्या ही कही जाएगी।

गरीबी दूर करने के लिए रोजगार के अधिकार की आवश्यकता है, आरक्षण की नहीं। फिर, आरक्षण की विडंबना है कि यह सिर्फ सरकारी क्षेत्र में लागू है और पिछले तीन दशकों से यह क्षेत्र सिमट रहा है एवं निजी क्षेत्र का विस्तार हो रहा है। यही कारण है कि आज आरक्षण के कारण हम नई पीढ़ी को ऐसा कागजी फूल दे रहे हैं, जो न रखने लायक है और न फेंकने लायक। जिनको आरक्षण मिला है, उनमें भी बेरोजगारी कमोबेश उतनी ही है, जितनी आरक्षण से वंचित तबके के बच्चों में। फिर भी, सवर्णों में आरक्षण को लेकर एक तनाव है, जबकि सच्चाई यह है कि देश में रोजगारहीन विकास का मॉडल खड़ा किया गया है, जिससे पार पाने का तरीका यही है कि हम आजीविका को बुनियादी अधिकार बनाएं। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की पिछली केंद्र सरकार ने ग्रामीण भारत के लिए रोजगार की व्यवस्था करके इसका उपाय निकालने का प्रयास किया था, जिसके बाद भारत की राजसत्ता कम से कम गांवों में बेरोजगारों के साथ खड़ी दिखती है। पिछले दिनों नगरों में भी रोजगार की गारंटी देने वाली योजना की शुरुआत राजस्थान की सरकार ने की है, जिसका असर देर-सबेर अन्य प्रदेशों पर भी पड़ेगा, क्योंकि रोजगारहीन नागरिकता निरर्थक होती है।




यही वजह है कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर सर्वोच्च अदालत का ताजा फैसला विडंबनापूर्ण है। वैसे भी, आरक्षण की जो मर्यादा कुछ साल पहले नौ जजों की बेंच ने तय की थी, एक तरह से उस पर भी पांच जजों की पीठ ने निर्णय दिया है। यह समझना होगा कि 50 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था इसलिए नहीं की गई थी कि इसकी एक सीमा होनी चाहिए। ऐसा दरअसल इसलिए किया गया था कि यदि कुछ सक्षम लोग अपनी ज्ञान-शक्ति के आधार पर देश चलाएंगे, तो कुछ लोगों को विशेष अवसर देकर क्षमता-निर्माण का अवसर दिया जाना चाहिए। इस मर्यादा से मंडल आयोग के समर्थक अब तक नाराज हैं। तमिलनाडु ने भी अपने यहां जो व्यवस्था दी है, उसे अदालत को काफी पहले सुलझा लेना चाहिए था। ऐसा न करने के कारण और तय सीमा से अधिक आरक्षण की व्यवस्था तमिलनाडु की प्रतिभाओं को सिलिकॉन वैली पहुंचा चुकी है। जाहिर है, आरक्षण एक समाज वैज्ञानिक उपकरण है, जिसका इस्तेमाल अब राजनीति के माहिर खिलाड़ी करने लगे हैं।

यहां मेरी मंशा न्यायमूर्तियों के विवेक पर सवाल उठाने की कतई नहीं है। वे सब गुणी हैं, पर यह सवाल भी गलत नहीं कि जिस मुद्दे पर नौ जजों की बेंच ने एक निर्देश जारी किया था, क्या उसे पांच जजों की पीठ ने महत्वहीन नहीं बना दिया? संविधान की आत्मा तो यही कहती है कि जो लोग सामाजिक व शैक्षणिक रूप से कमजोर हैं, उन्हीं के लिए आरक्षण की व्यवस्था की जाए, और जो आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं, उनके लिए नियोजन की। जब देश के करीब 80 करोड़ लोग इतने सक्षम नहीं कि वे अपने लिए दो वक्त का अनाज जुटा सकें और सरकार से खाद्यान्न मिलने की उम्मीद लगाए हुए हों, तब आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्णों के इस आरक्षण का भला क्या मतलब है?

अपने देश में हर साल 1.5 करोड़ नौजवान श्रम बाजार में उतरते हैं, जबकि हमारी क्षमता महज 25-35 लाख रोजगार सालाना पैदा करने की है। स्पष्ट है, करीब सवा करोड़ के इस अंतर की भरपायी आरक्षण से नहीं हो सकती। इसके लिए हमें रोजगार आधारित नियोजन की जरूरत है। मगर वोट-बैंक के लिए जिस दलदल में देश को धंसाया जा चुका है, उससे पार पाने में शीर्ष अदालत का फैसला सक्षम नहीं है।

देश की प्रगति की प्रक्रिया में जो लोग पीछे छूट गए हैं, उनको साथ लेकर चलना राजसत्ता का हमेशा लक्ष्य होना चाहिए, तभी समावेशी विकास होगा। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कथन है, जबकि प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने अनेकता में एकता की बात कही थी। यानी, इस मामले में नेहरू और मोदी समान धरातल पर हैं। इसीलिए सबसे पहले आरक्षण उसे मिलना चाहिए, जो दिव्यांग हैं, फिर जिस घर में कमाने वाले पुरुष का देहांत हो चुका हो, इसके बाद भौगोलिक रूप से मुश्किलों से जूझने वाले लोगों को और अंत में, जाति या संख्या बल से पीड़ित जरूरतमंदों को।

ईडब्ल्यूएस आरक्षण की व्यवस्था संविधान के तहत नहीं, वोट-बैंक के लिए की गई और अदालत ने इसे जारी रखकर एक तरह से निराश ही किया है। हम आशा करते हैं कि प्रधान न्यायाधीश पूर्ण सांविधानिक पीठ का गठन करके तमाम उलझनों को दूर करेंगे, जबकि शासन देश के जाने-माने समाज विज्ञानियों का आयोग बनाकर आरक्षण व्यवस्था की मर्यादा बचाने के उपाय तलाशेगा। आरक्षण नीति की समीक्षा मौजूदा वक्त की जरूरत है। टुकड़े-टुकड़े में इसके बारे में फैसला कतई देशहित में नहीं है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**


# बहुत जरूरी है कि इन जहरीली हवाओं पर हमें शर्म आए

मनु जोसेफ, पत्रकार और उपन्यासकार

यह साल का वह समय है, जब जहरीली धुंध राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अमीरों और साथ-सुथरे लोगों के चेहरों को देखना मुश्किल बना देती है। फिर भी, वे यहां रहने के लिए अभिशप्त दिखते हैं। हर नवंबर में वे विदेश में कहीं नागरिकता लेने या गोवा में घर खरीदने पर विचार करते हैं। ऐसा करते हुए वे परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से अपने उन साथियों या परिजनों का तिरस्कार करते हैं, जो पेशेवर कारणों से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में फंसे हुए हैं।

ऐसे लोग दिल्ली में रहने के लिए हर साल लाखों रुपये खर्च करते हैं। अपने विशाल घर, बच्चों के स्कूल, क्लब, कारों और रेस्तरां पर वे खर्च करते हैं, उनकी खर्च का एक बड़ा हिस्सा केवल इसलिए होता है, ताकि असली भारत को वे खुद से दूर रख सकें। फिर भी, वास्तविक भारत को उनके आलीशान गढ़ों से बाहर रखना मुश्किल है। खासकर जब मौसमी हवा का पैटर्न यह सुनिश्चित करता है कि उत्तर भारत के वाहनों, कृषि व औद्योगिक प्रदूषण बहकर दूर न जाए और लाखों लोगों के फेफड़ों को जहरीले तत्वों से भर दे, जिससे शरीर को कई तरह की अपूरणीय क्षति पहुंचे।

वास्तव में, भारतीय राजनीति का हर अहम पहलू धुंध में योगदान देता है, जिसमें आम आदमी पार्टी भी शामिल है, जो प्रदूषण फैलाने वाले किसानों को लाड़-प्यार के माध्यम से यह दर्शाती है कि उसका वादा केवल स्वच्छ सरकार था, स्वच्छ हवा नहीं। नतीजतन, उत्तर भारत में सर्दियों की हवा को साफ करने का तरीका लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बाहर हो गया है। मगर कैसे? पिछले साल, वायु गुणवत्ता के बारे में बहुत विलाप किया गया था; समितियों का गठन किया गया और राजनेताओं व नौकरशाहों द्वारा अच्छी-अच्छी बातें कही गईं। जाहिर है, कुछ भी काम नहीं किया गया। इस साल पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं बढ़ी हैं। जिन्हें



अक्सर पवित्र प्राणी माना जाता है और अक्सर अन्नदाता कहा जाता है, उन्होंने खेतों में आग के खिलाफ सरकारी कार्रवाई का कामयाबी से विरोध किया है। वे पराली से निपटने के साफ-सुथरे तरीकों को अपनाने के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं। तब तक प्रदूषण गला घोंटता रहेगा।

दूसरी ओर, सत्तारूढ़ भाजपा के भक्तों ने ऐसा आभास कराया है कि पराली जलाना ही वह कारण है, जिससे दिल्ली का दम घुट रहा है। यह सच नहीं है। प्रदूषण भारतीय जीवन के कई पहलुओं का संयुक्त परिणाम है। कुछ साल पहले बीजिंग पृथ्वी पर सबसे प्रदूषित स्थानों में से एक बन गया था, पर अब दिल्ली की तुलना में अधिक स्वच्छ है। ऐसा कैसे है, चीन की सरकार, जिसे निरंकुश कहा जाता है, भारत की तुलना में अधिक मानवीय है? मुद्दा यह है कि यहां राजनीतिक अक्षमता लोकतंत्र द्वारा संरक्षित है। औसत भारतीय मतदाता हवा की गुणवत्ता की बिल्कुल परवाह नहीं करता है।

हमारे नेता जानते हैं कि भारत में चुनाव वायु गुणवत्ता से तय नहीं होते हैं। जो भी हो, उनके लिए यह एक मौसमी घटना है, और आम लोग धुंध के छंटते ही प्रदूषण को भूल जाते हैं। बहरहाल, हम अक्सर कोसते हैं कि हमारा शासन कितना खराब है, पर रोचक सवाल यह है कि फिर भी हमारे आसपास अच्छी चीजें क्यों होती हैं? मैं तीन तरीके देखता हूं, जिससे उत्तर भारत सर्दियों में होने वाले प्रदूषण का समाधान कर सकता है। इनमें से किसी से भी मानव हित को कोई असुविधा नहीं होगी, लेकिन इनमें से प्रत्येक को राजनेताओं के सहयोग की जरूरत पड़ेगी।

एक, बुजुर्गों का अपना हित। बूढ़े लोग सबसे ज्यादा जोखिम में होते हैं। वे प्रभावशाली भी होते हैं। बुजुर्ग नेताओं को अगर प्रेरित किया जाए, तो समस्या को हल करने की इच्छाशक्ति मिल सकती है। दूसरा, दूरदर्शी व प्रभावशाली राजनेता, जो यह महसूस करते हैं कि एक रहने योग्य समृद्ध देश में राजनेता कई गुना अधिक लाभ या पैसे जुटा सकते हैं। सुरक्षित और समृद्ध भविष्य के प्रति सजग ऐसे नेता, जीवन स्तर में सुधार के लिए आक्रामक भी हो सकते हैं। तीसरा, शर्म का राष्ट्रवाद। ऐतिहासिक रूप से, राष्ट्रवाद गर्व के रूप में शुरू होता है। यहां जो लोग ऊंचे दांव लगाते हैं या बड़े सपने देखते हैं, वे अपनी खामियों पर बहुत शर्मिंदा भी महसूस करते हैं। शर्म बुद्धि का ही एक रूप है, और मैं चाहता हूं कि शर्म आए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## बीज में वृक्ष का दर्शन

उपनिषद में एक कथा आती है कि ऋषि आरुणि उद्दालक ने अपने प्रिय पुत्र श्वेतकेतु से कहा-'प्रिय पुत्र! तुम मुझसे बार-बार आत्मज्ञान पाने का हठ कर रहे हो, लेकिन वह ज्ञान तुम्हें धीरे-धीरे ही मिलेगा। जैसे भोजन के बाद अन्न मांस, रक्त आदि से होता हुआ मन बनता है, वैसे ही ज्ञान भी पचाने की वस्तु है। जैसे डोर में बंधी चिड़िया अनेक दिशाओं में उड़-उड़कर भटकती हुई पुन: अपने घोंसले में लौटती है, वैसे ही मन भी विभिन्न दिशाओं में उड़ता तो है, पर कहीं स्थान न पाकर फिर प्राण का ही सहारा लेता है, क्योंकि हमारा प्राण ही मन को बांधने वाला खूंटा है।

श्वेतकेतु का बाल मन हठ पर था। उसने कहा, 'मेरा एक प्रश्न यह है कि हम मनुष्य विराट् ब्रह्म या ईश्वर को कैसे जान सकते हैं? पिता ने कहा, 'अच्छा जाओ, सामने से वट-वृक्ष का एक फल तोड़कर ले आओ।' श्वेतकेतु जब फल लेकर आया, तब पिता ने कहा, 'इसे तोड़कर देखो, तुम्हें क्या दिखता है?' पुत्र ने कहा, 'पिताश्री, इसमें बहुत सारे छोटे-छोटे दाने दिख रहे हैं।' ऋषि उद्दालक फिर बोले, 'अब इसके किसी एक दाने को तोड़ो और देखो, अब तुम्हें उसमें क्या दिखता है?' श्वेतकेतु ने कहा, 'इस एक दाने में तो कुछ भी नहीं दिख रहा।' तब पिता ने कहा, 'जिसे तुम कुछ नहीं दिख रहा कह रहे हो, उसी में तो यह विशाल वट वृक्ष छिपा हुआ है।'

यह एक छोटे से बीज से वृक्ष तक पहुंचने की कथा है। भारत में इसी चिंतन का विकास सूत्र शैली के रूप में हुआ है। योगशास्त्र, व्याकरण, साहित्य शास्त्र और तंत्र आदि में इसी कारण बीज शब्दों की खोज हुई है। मनुष्य प्राय: यह समझने की भूल कर बैठता है कि बड़ा दिखने के लिए बड़े घटाटोप, बड़े टीम-टाम या दिखावे की जरूरत होती है, कभी-कभी इस बड़े की खोज में हम लघुता को भूल जाते हैं। हमें यह हमेशा स्मरण रखना चाहिए कि द्वार कितना भी बड़ा हो, पर इसे बंद करने की कुंडी छोटी होती है। जो इस सत्य को जान लेते हैं, वे बिंदु में सिंधु का दर्शन कर लेते हैं। कवि सुमित्रानंदन पंत के मुताबिक, बिंदु में थी तुम सिंधु अनंत/ एक सुर में समस्त संगीत/ एक कलिका में अखिल वसंत।

वस्तुत: स्वयं को पूरी तरह जानना ही स्वाधीन होना है। यही जीवन-कला है, जो हमें उदात्त बनाकर सत्य के विराट स्वरूप के दर्शन कराती है। विकास का तात्पर्य ही है सहज और स्वाभाविक विकास। एक शिशु क्रमश: बड़ा होकर स्नेह और वात्सल्य का पात्र बनता है। जब हम बीज में छिपे वृक्ष को देखना सीख जाते हैं, तो हमारी क्षुद्र भावनाएं नष्ट हो जाती हैं और हम अपनी आत्मा की ऊंचाई का अनुभव करने लग जाते हैं।

महेंद्र मधुकर

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026, 7869620239

ओम क्रियेशन कार्ड्स
• फैंसी एनवेलोप्स • वेडिंग कार्ड • कैलेंडर
आकर्षक, मनमोहक, फैंसी
शादी कार्ड
रायपुर से कम दाम में
शॉप नं. 9301816830, मो.-9301182010
पचरी पारा, कुआ चौक, बस स्टैण्ड रोड, दुर्ग
ओम यूनिफॉर्म
स्कूल यूनिफॉर्म एंड जनरल ऑर्डर सप्लायर्स
रवि अग्रवाल-9302834646
इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के पास, दुर्ग

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

महक सेनीटेशन


सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




# ओएचपी, ब्लास्ट फर्नेस, एसएमएस-3, बीआरएम ने सर्वश्रेष्ठ उत्पादन के रचे नये कीर्तिमान

श्रीकंचनपथ न्यूज



भिलाई। सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के ओएचपी, ब्लास्ट फर्नेस–8, एसएमएस–3, तथा बीआरएम ने उत्पादन के साथ–साथ टेक्नो–इकॉनामिक्स में भी नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उनकी इस उपलब्धि के लिए संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने आज दिनांक 8 नवम्बर, 2022 को इन विभागों का दौरा कर कार्मिकों व अधिकारियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही उन्होंने इन विभागों के सहयोगी विभागों को भी शुभकामनाएं प्रेषित की।

ओर हैंडलिंग प्लांट द्वारा सर्वश्रेष्ठ शिफ्ट मटेरियल हैंडलिंग रिकॉर्ड : सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के ओर हैंडलिंग प्लांट ने 7 नवम्बर, 2022 को अब तक के सर्वश्रेष्ठ शिफ्ट मटेरियल हैंडलिंग का नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। ओर हैंडलिंग प्लांट की पूरी टीम ने सहायक विभागों के सहयोग से 7 नवम्बर, 2022 के प्रथम पाली मे 26,755 टन मटेरियल हैंडलिंग कर अब तक के सर्वश्रेष्ठ शिफ्ट मटेरियल हैंडलिंग का नया रिकार्ड दर्ज करते हुए 05 फरवरी, 2022 को बनाए गए 26,430 टन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

ब्लास्ट फर्नेसों ने बनाया सीडीआई मे नया रेकॉर्ड: सेल–बीएसपी की ब्लास्ट फर्नेसों ने अब तक का सर्वोच्च दैनिक कोल डस्ट इंजेक्शन (सीडीआई) की मात्रा में वृद्धि कर नया कीर्तिमान रचा। 7 नवम्बर, 2022 को 2537 टन कोल डस्ट को इंजेक्ट कर सर्वोच्च दैनिक कोल डस्ट इंजेक्शन का नया कीर्तिमान बनाते हुए 5 नवम्बर, 2022 को बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड 2435 टन कोल डस्ट इंजेक्शन को पीछे छोड़ा।

### एसएमएस–3 ने रचा दैनिक उत्पादन का कीर्तिमान

इसी प्रकार भिलाई इस्पात संयंत्र के मॉडेक्स इकाई स्टील मेल्टिंग शॉप–3 (एसएमएस–3) ने 7 नवम्बर, 2022 को दैनिक कीर्तिमान रचते हुए 69 हीटस् का उत्पादन कर, 18 जुलाई, 2022 को दर्ज 66 हीटस् के उत्पादन रिकॉर्ड को ध्वस्त किया।

### बीआरएम ने उत्पादन का बनाया नया कीर्तिमान

सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स यूनिट, बार रॉड मिल ने उत्पादन का दैनिक रिकॉर्ड बनाने में सफलता हासिल की। 12 एमएम टीएमटी बार में 2882 टन का उत्पादन कर नया दैनिक कीर्तिमान बनाया। इससे पूर्व यह कीर्तिमान विगत 12 जुलाई 2022 को 2867 टन का था।

# कार्तिक पूर्णिमा पर सदर जैन मंदिर से निकली भव्य चैत्य परिपाटी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। जैन चातुर्मास के समापन अवसर पर कार्तिक पूर्णिमा मंगलवार को इससे पूर्व सदरबाजार स्थित श्रीऋषभदेव जैन मंदिर से सूर्योदय से पूर्व ब्रह्म मुहूर्त में परमात्मा के श्रीविग्रह को रजत पालकी में विराजित कर भव्य चैत्य परिपाटी निकाली गई, जो जिनेश्वर परमात्मा की जय–जयकार के साथ शहर के मार्गों का भ्रमण करती हुई श्रीजिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी एमजी रोड पहुंची। तदुपरांत दादाबाड़ी में श्रीसिद्धाचल तीर्थ के पट्ट के सम्मुख चैत्यवंदन कर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने तीर्थ की भावयात्रा का पुण्यलाभ लिया।

कार्तिक पूर्णिमा के शुभ दिवस 10 करोड़ मुनियों को सिद्धाचल पर्वत पर मोक्ष प्राप्ति हुई थी। श्रीऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष अभय भंसाली ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा पर दोपहर में दादाबाड़ी में दादागुरुदेव की बड़ी पूजा का आयोजन भी किया गया। पूजा के उपरांत लाभार्थी परिवारों की ओर से रखी गई गुरुप्रसादी का बड़ी संख्या में जिनभक्त श्रावक–श्राविकाओं ने लाभ लिया।

हमें याद रहेगा रायपुर और याद रखेगा रायपुर : राष्ट्रसंत ललितप्रभ

रविवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में पांच दिनी प्रवचनमाला के समापन एवं विदाई समारोह के अवसर पर राष्ट्रसंत महोपाध्याय श्रीललितप्रभ सागरजी ने कहा कि इस चातुर्मास को याद रखेगा रायपुर क्योंकि चार माह में धर्म का ऐसा परिणाम उसने कभी पाया नहीं होगा और हमें याद रहेगा रायपुर क्योंकि जिंदगी में ऐसा धर्म परिणाम हमें कभी मिल नहीं पाया। हजारों लोगों ने अपनी बुरी आदतें छोड़ीं, इसीलिए यह चातुर्मास केवल सन्–2022 का चातुर्मास ही नहीं यह परिवर्तन का चातुर्मास रहा। एक ओर जहां युवाओं ने जीवन निर्माण की बातें सीखीं, प्रगति के नए द्वार खोले, पारिवारिक प्रेम की जहां बात हुई तो हजारों लोगों ने मां की ममता की मिठास को अनुभूत किया। यह शहर कभी भूल नहीं पाएगा जब हमारे दिल में ही नहीं स्टेडियम के एक–एक कण में मां की ममता की मिठास घुल गई थी। सर्व धर्म समभाव का वातावरण वहां निर्मित हुआ। प्राण–प्राण में शांति दीप जल जाए, धरती पर स्वर्ग उतर जाए... इस प्रेरक भावगीत से शुरूआत करते हुए संतप्रवर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की इस गौरवमयी भूमि को प्रणाम करते हुए मैं यहां उपस्थित रायपुर की छत्तीस कौम की जनता को अभिवादन करता हूं। ये वो शहर है, यहां जो आते हैं उन्हें यहां के लोग इतना लाड़–प्यार, दुलार, सम्मान, सद्भावनाएं देना जानते हैं।

पूरी जिंदगी हम छत्तीसगढ़ को कभी भूल नहीं पाएंगे। दीप प्रज्ज्वलन राजेशजी–साधनाजी मूणत, श्रीऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष अभय भंसाली व ट्रस्टी तिलोकचंद बरड़िया, कमलचंद्र भंजदेव–बस्तर महाराजा, नवीन सांखला, विकास सेठिया, राजेश सांखला ने किया।

## खास खबर

### मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी अंचल में युद्ध स्तर पर जारी है दर्जनभर सड़कों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा सरगुजा अंचल से लेकर बस्तर अंचल तक ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य की मॉनिटरिंग लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित कलेक्टर स्वयं कर रहे हैं। नवगठित जिला मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर में भी दर्जनभर से अधिक ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। कलेक्टर पी.एस. ध्रुव आज जिले के खड़गवा तहसील अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क रतनपुर–चोपन वाया कोटिया का मुआयना किया। कलेक्टर ध्रुव ने निरीक्षण के दौरान सड़क की कई जगहों पर खुदाई कराकर निर्माण कार्य की लेयर और प्रयुक्त मटेरियल की गुणवत्ता का भी जायजा लिया। यह सड़क 2 करोड़ 90 लाख रूपए की लागत से तैयार की जा रही है। कलेक्टर ध्रुव ने लोक निर्माण विभाग की अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखने और डामरीकरण का कार्य शीघ्र कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीओ लोक निर्माण सी.पी. बंजारे, उप अभियंता एस. के. लोध, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी उनके साथ थे। मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले में लगभग 60 करोड़ रूपए की लागत से दर्जनभर सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत का कार्य तेजी से जारी हैं। जनकपुर बाईपास सड़क का निर्माण 3 करोड़ 35 लाख 78 हजार रूपए की लागत से कराया जा रहा है। यह बाईपास 1.50 किलोमीटर लम्बा है। इसी तरह जिले में 3.73 करोड़ रूपए की लागत से सरभोका से डोंगरीटोला सड़क, 7.52 करोड़ रूपए की लागत से भरतपुर विकासखण्ड अंतर्गत माथमौर से भैसुन सड़क तथा 4.18 करोड़ रूपए की लागत से भगवानपुर से मां चांग देवी मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है।

### बच्चों के व्यक्तित्व विकास को मजबूत बनाता स्काउट गाइड

# देश के विकास में निभा रहा अपना अद्वितीय भूमिका-मंत्री कवासी लखमा

श्रीकंचनपथ न्यूज



सुकमा । छत्तीसगढ़ प्रदेश के अंतिम छोर में बसे सुकमा जिला इस वर्ष नेशनल ट्रायबल स्काउट–गाइड रोवर–रेंजर कार्निवाल की मेजबानी कर रहा है। प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्यिक कर (आबकारी) मंत्री कवासी लखमा ने आज इस कार्निवाल का शुभारंभ किया। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर 12 नवंबर तक चलने वाले इस 5 दिवसीय आयोजन का उद्घाटन किया। इस दौरान राष्ट्रीय स्काउट गाइड स्टाफ नई दिल्ली से शिवांगी सक्सेना, सुमन बालासिंह, प्रदेश स्तर से सीएल चंद्रकार, टी.के.एस परिहार, सहित जितेंद्र साहू, वाजिद खान, अमित क्षत्रिय, दंतेश्वरी तिवारी, गायत्री पटेल आदि स्काउट गाइड प्रमुख, सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी व अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर हरिस. एस सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी गण उपस्थित रहे।

आयोजन के शुभारंभ अवसर पर कार्निवल में हिस्सा लेने पहुंचे देश के 18 राज्यों तथा प्रदेश के अन्य जिलों से आए स्काउट तथा गाइड रोवर रेंजर्स ने स्काउट सलामी और ताली से मुख्य अथिति का स्वागत किया और दादर नगर हवेली और छत्तीसगढ़ के नारायणपुर की टीम द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

अपने उद्बोधन में मंत्री श्री कवासी लखमा ने कहा की स्काउट गाइड एक ऐसी इकाई है जो लगभग 100 सालो से इस देश में कार्य करते हुए देश निर्माण में बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सुकमा जिले के लिए यह गर्व की बात है कि इस राष्ट्रीय स्तर के कार्निवल की मेजबानी का मौका मिला है। इसके लिए उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति आभार प्रकट किया और उन्हें सुकमा को मेजबानी का अवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद भी दिया। सुकमा जैसे सुदूर क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर का आयोजन इस बात का प्रमाण है कि अब सुकमा, बस्तर और छत्तीसगढ़ विकास पथ पर अग्रसर है। आज यहां शांति, विकास, विश्वास और सुरक्षा है। इस आयोजन से निश्चित ही सुकमा जिले का नाम राष्ट्रीय पटल पर अंकित होगा। उन्होंने कहा की स्काउट गाइड बच्चों में व्यक्तित्व विकास को और भी मजबूती प्रदान करता है। अनुशासन, सहिष्णुता, समर्पण, दूसरों के प्रति सहानुभूति आदि मानवीय संवेदनाओं को सिखाने के साथ ही बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने कहा कि देश के विकास और प्रगति में नई पीढ़ी को जागरूक और मजबूत बनाना आवश्यक है, जिसे स्काउट गाइड भली भांति पूर्ण कर रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर से आए प्रमुखों का स्वागत करते हुए देश के विभिन्न राज्यों से पधारी टीम को छत्तीसगढ़ आने पर धन्यवाद दिया और सभी टीम को शुभकामनाएं दी।

### पांच दिवसीय महोत्सव में विभिन्न राज्यों के जनजातीय लोक कला संस्कृति का समागम

आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत सुकमा जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम सुकमा में 12 नवंबर तक आयोजित इस पांच दिवसीय कार्निवाल में प्रदर्शनी, रंगोली, रैम्प वॉक, ग्रुप डिस्कशन, कैम्प क्राफ्ट, मार्च पास्ट, ग्रामीण खेल, लोकसंगीत, फूड प्लाजा, पेंटिंग स्पर्धा, वेशभूषा, स्वच्छता संदेश, स्लोगन स्पर्धा, क्रीडा स्पर्धा, रैली, लोकगीत, लोकनृत्य, कैम्प फायर जैसे विविध आयोजन होंगे। जहां देश भर की जनजातीय परंपरा, कला संस्कृति का समागम होगा।

# जिला स्तरीय कला उत्सव में अपनी शानदार प्रस्तुति से जिले के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कला विधाओं में बिखेरे जलवे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला स्तरीय कला उत्सव 2022–23 का भव्य व सफल आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ बी.बाखला व डीएमसी नरेन्द्र चौधरी के निर्देशन व कला उत्सव जिला नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें जिले के छात्र–छात्राओं ने विभिन्न कला विधाओं में शानदार प्रस्तुति देते हुए अपने जलवे बिखेरे। उक्त जिला स्तरीय कला उत्सव 2022–23 का सफल व भव्य आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायगढ़ में सम्पन्न हुआ। जिसमें जिले के सभी 9 विकास खंडों से प्रत्येक विधा में चयनित प्रथम स्थान प्राप्त एक–एक छात्र–छात्राओं ने अपनी शानदार प्रस्तुति देते हुए प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता दर्ज की। उल्लेखनीय है कि उक्त जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में शामिल प्रत्येक विधा में चयनित एक छात्र एवं एक छात्राएं जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए आगामी राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में शामिल होंगे। विदित हो किए 2022–23 हेतु कला उत्सव का आयोजन ऑफलाइन/फेस टू–फेस मोड में किया गया था, जो पारंपरिक लोक कलाओं एवं शास्त्रीय कलाओं की विभिन्न शैलियों पर केंद्रित था। प्रतियोगिता में 10 कलाओं को सम्मिलित किया गया था।

जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता के उक्त आयोजन में शामिल विभिन्न कला विधाओं यथा–संगीत (गायन)–शास्त्रीय संगीत, पारंपरिक लोक संगीत, संगीत (वादन)–अवनबद्ध वाद्य, स्वर वाद्य, शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, दृश्य कला (द्विआयामी), (त्रिआयामी), स्थानीय खिलौने एवं खेल तथा नाटक (एकल अभिनय) आदि में जिले के छात्र–छात्राओं ने अपनी शानदार प्रस्तुति देते हुए विभिन्न कला विधाओं में अपने जलवे बिखेरे।

जिला स्तरीय कला उत्सव 2022–23 के उक्त आयोजन में मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ बी.बाखला, डीएमसी समग्र शिक्षा रायगढ़ नरेंद्र चौधरी, डीपीओ रायगढ़ एस.के.वर्मा, एडीपीओ रायगढ़ जे.के.राठौर,एपीओ समग्र शिक्षा रायगढ़ भुनेश्वर पटेल, एबीईओ रायगढ़ संजय पटेल एवं कला उत्सव 2022–23 के जिला नोडल अधिकारी श्री आलोक स्वर्णकार, जिले के प्रसिद्ध चित्रकार श्री मनोज श्रीवास्तव, प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायगढ़ श्री विजय तिर्की, व्याख्याता रविंद्र तिवारी, पुष्पेंद्र राठौर, अश्वनी पटेल, भोजराम पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जिला स्तरीय कला उत्सव आयोजन में मंच संचालन श्री अनिल गुप्ता व्याख्याता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कला उत्सव का आयोजन बच्चों में अंतर्निहित गुणों को प्रदर्शित करने का एक उचित प्लेटफर्म है।

### नेशनल ट्राइबल स्काउट गाइड रेंजर रोवर कार्निवल 2022

# प्रथम दिवस लोकगीतों की प्रस्तुति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** आज मिनी स्टेडियम ग्राउण्ड में चल रहे नेशनल ट्राइबल स्काउट गाइड रेंजर रोवर कार्निवल 2022 के प्रथम दिवस स्काउट गाइड के लिए लोक गीत संगीत गायन की स्पार्धाएं आयोजित की गई। इस अवसर पर राज्यों और जिलों के स्काउट्स गाइड्स के द्वारा अपने अपने क्षेत्रों एवं प्रादेशिक विशेषताओं को फोकस करते हुए लोक गीत और संगीत पर बखूबी प्रस्तुतियां दी गई, जिसके लिए देर तक उपस्थित आंगतुको की ताली बजती रहीं।

ज्ञात हो कि उक्त कार्निवल में केन्द्र शासित प्रदेश दादर नगर हवेली, आन्ध्र प्रदेश उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, साउथ ईस्टर्न रेलवे, सेन्ट्रल रेलवे, ओड़िसा के अलावा राज्य के कांकेर, सुकमा, नारायणपुर, कोण्डागांव, बस्तर, दंतेवाड़ा, महासमुंद जैसे अन्य जिलों के स्काउट्स गाइड्स एवं रोवर रेंजर्स भाग ले रहे हैं। इस क्रम में सर्वप्रथम कार्निवल में रहने के नियम, दिनचर्या, आने जाने की व्यवस्था एवं विभिन्न स्पर्धाओं के साथ ही परिचयात्मक जानकारी दी गई। तत्पश्चात् ईस्ट कोस्ट रेलवे के स्काउट्स गाइड्स के द्वारा ओड़िया संबंलपुरी लोकगीत ''रोंगोबोती'' की प्रस्तुति दी गई। साथ ही मध्य प्रदेश के दल द्वारा प्रदेश की प्रमुख विशेषताओं को इंगित करते हुए गीत गाया गया। इसके साथ ही आन्ध्र प्रदेश के टीम ने मनमोहक नृत्य के माध्यम से लोकगीत की प्रस्तुति दी। वहीं उत्तर प्रदेश की टीम ने देशभक्ति गीत गाकर सबका मन जीत लिया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की टीम ने हल्बी गीत ''बस्तर मोचो काय सुन्दर माटी'', ओड़िसा के दल ने ओड़िया लोक गीत, दादर एवं नगर हवेली ने गुजराती एवं सेन्ट्रल रेलवे के स्काउट्स गाइड्स ने मराठी लोकगीत की प्रस्तुति देकर समा बांधा।

जिलों में कोण्डागांव की टीम द्वारा ''जांवां जावां रे दादा दीदी बस्तर दखुकलाय जांवां, बस्तरिया संग गोठियांवां'' एवं कांकेर के द्वारा सुआ गीत की मनभावन प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों द्वारा विभिन्न राज्यों एवं जिलों से आए स्काउट्स गाइड्स की उत्साह पूर्वक भागीदारी करने पर उन्हें साधुवाद देते हुए प्रोत्साहित किया गया।

### एकता रैली में गूंजा वन्दे मात्रम का उद्घोष

इस पांच दिवसीय कार्निवल में 09 नवम्बर को स्काउट्स गाइड्स के द्वारा प्रातः जिला मुख्यालय में अपने अपने क्षेत्रों के पारंपरिक परिधान पहने हुए वन्दे मात्रम का उद्घोष करते हुए मिनी स्टेडियम से गादीरास चौक तक एकता रैली निकाली गई। इस रैली में विभिन्न समाज प्रमुखों के द्वारा स्काउट्स गाइड्स का स्वागत करते हुए शीतल पेय और स्वल्पाहार का भी वितरण किया गया। कार्निवल के दूसरे दिवस पर शाम 6:30 बजे से लोकनृत्य स्पर्धा का आयोजन होगा।

### ग्राम पंचायतों में मनाया गया रोजगार दिवस

**कोरबा ।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत ग्रामीणों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में सोमवार को रोजगार दिवस मनाया गया। जहाँ पर ग्रामीणों को काम के मांग का अधिकार, मजदूरी भुगतान एवं शिकायत निवारण प्रणाली की जानकारी दी गयी। नूतन कुमार कंवर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा द्वारा सर्व मुख्य कार्य पालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक माह की 07 तारीख को ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक स्थल पर जनजागरुकता गतिविधि के रूप में रोज़गार दिवस मनाया जाये। जिसके परिपालन में आज ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस मनाया गया।







## खास खबर

### वन्य प्राणियों के रहवास क्षेत्रों का विकास कर उनके संरक्षण तथा संवर्धन का कार्य जारी

**रायपुर (ए)।** राज्य में वन्य प्राणियों के रहवास क्षेत्रों का विकास कर उनके संरक्षण तथा सर्वधन के लिए निरतंर कार्य हो रहे हैं। इसके तहत् संरक्षित क्षेत्रों एवं क्षेत्रीय वन मण्डलों में वन्यप्राणी संरक्षण, संवर्धन, प्रबंधन एवं रहवास क्षेत्रों का विकास कार्य किया जा रहा है। वन्य एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के कुशल मार्गदर्शन में विभिन्न योजनाओं के तहत् वन क्षेत्रों में जलस्त्रोतों का विकास, तालाब, एनीकट एवं स्टॉप डेम निर्माण, नलकूप खनन, चारगाह विकास, लेन्टाना उन्मूलन, बाड़ा निर्माण आदि कार्य सतत् रूप से जारी हैं।

इस तारतम्य में प्रधान मुख्य वन सरंक्षक (वन्य प्राणी) पी.व्ही. नरसिंग राव ने बताया कि विभाग द्वारा वर्ष 2021-22 में 10 हजार 553 हे. क्षेत्र में चारागाह विकास का कार्य किया गया है ताकि शाकाहारी वन्य प्राणियों को सुगमता से भोजन उपलब्ध हो सके। इसके फलस्वरूप वन्य प्राणियों की संख्या में निरतंर वृद्धि हो। साथ ही इस वर्ष लगभग 82003 हे. क्षेत्र में लेण्टाना उन्मूलन का कार्य किया गया है। संरक्षित क्षेत्रों में लेण्टाना का प्रकोप को कम करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। इस कार्य से एक तरफ लेण्टाना से वन्यप्राणी विचरण के लिए खुले स्थान मिलेंगे तथा दूसरी ओर इन खुले स्थानों में घास एवं अन्य पौधों को पनपने का अवसर मिलेगा, जो हमारे वन्य प्राणियों के लिए उपयुक्त भोजन है। ऐसे क्षेत्रों में चारगाह मैदान भी विकसित किये जा रहे हैं।

### कार्तिक पूर्णिमा पर सदर जैन मंदिर से निकली भव्य चैत्य परिपाटी

**रायपुर (ए)।** जैन चातुर्मास के समापन अवसर पर कार्तिक पूर्णिमा मंगलवार को इससे पूर्व सदरबाजार स्थित ऋषभदेव जैन मंदिर से सूर्योदय से पूर्व ब्रह्म मुहूर्त में परमात्मा के श्रीविग्रह को रजत पालकी में विराजित कर भव्य चैत्य परिपाटी निकाली गई, जो जिनेश्वर परमात्मा की जय-जयकार के साथ शहर के मार्गों का भ्रमण करती हुई जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी एमजी रोड पहुंची। तदुपरांत दादाबाड़ी में सिद्धाचल तीर्थ के पट्ट के सम्मुख चैत्यवंदन कर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने तीर्थ की भावयात्रा का पुण्यलाभ लिया। कार्तिक पूर्णिमा के शुभ दिवस 10 करोड़ मुनियों को सिद्धाचल पर्वत पर मोक्ष प्राप्ति हुई थी। श्रीऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष अभय भंसाली ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा पर दोपहर में दादाबाड़ी में दादागुरुदेव की बड़ी पूजा का आयोजन भी किया गया। पूजा के उपरांत लाभार्थी परिवारों की ओर से रखी गई गुरुप्रसादी का बड़ी संख्या में जिनभक्त श्रावक-श्राविकाओं ने लाभ लिया।रविवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में पांच दिनी प्रवचनमाला के समापन एवं विदाई समारोह के अवसर पर ललितप्रभ सागर महाराज ने कहा कि इस चातुर्मास को याद रखेगा रायपुर क्योंकि चार माह में धर्म का ऐसा परिणाम उसने कभी पाया नहीं होगा और हमें याद रहेगा रायपुर क्योंकि जिंदगी में ऐसा धर्म परिणाम हमें कभी मिल नहीं पाया।

मुख्यमंत्री ने गन्ना प्रोत्साहन योजना में किसानों को 68.90 करोड़ रूपए का किया भुगतान

# प्रदेश में साकार हो रही बापू के स्वावलंबी गांवों की परिकल्पनाः सीएम भूपेश बघेल

## रबी सीजन में भी वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग को प्रोत्साहित करें

### स्वावलंबी गौठानों ने अब तक अपने संसाधनों से 24.15 करोड़ रूपए की गोबर खरीदी की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वावलंबी गांवों की परिकल्पना धीरे-धीरे साकार हो रही है। गोधन न्याय योजना के तहत गांवों में बनाए गए गौठानों में से 3089 गौठान स्वावलंबी हो गए हैं। 15 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2022 तक गौठानों में क्रय किए गए गोबर के एवज में भुगतान की गई राशि में से लगभग 50 प्रतिशत राशि का भुगतान स्वावलंबी गौठानों द्वारा किया गया है। यह एक बड़ा बदलाव है। स्वावलंबी गौठानों ने अब तक अपने संसाधनों से 24.15 करोड़ रूपए की गोबर खरीदी की है।



मुख्यमंत्री बघेल अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को गोबर खरीदी की राशि, महिला स्वसहायता समूहों और गौठान समितियों को लाभांश राशि तथा गन्ना उत्पादक किसानों को गन्ना प्रोत्साहन राशि के वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने खरीफकी तरह रबी सीजन में भी वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग को बढ़ावा देने और गौठानों में गौ मूत्र की खरीदी को प्रोत्साहित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

गौरतलब है कि अक्टूबर माह के आखरी पखवाड़े में खरीदे गए गोबर के एवज में कुल 4.69 करोड़ रूपए का भुगतान आज गोबर बेचने वाले ग्रामीणों और पशुपालकों को किया गया है। इस राशि में से विभाग द्वारा 2.37 करोड़ रूपए और स्वावलंबी गौठानों द्वारा 2.32 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक सकारात्मक बदलाव है। राज्य सरकार की भी यह मंशा है कि आने वाले समय में सभी गौठान स्वावलंबी बने। वहां की गतिविधियों का संचालन गौठान समितियां अपने संसाधनों से कर सकें।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि गोधन न्याय योजना के तहत आज भुगतान की गई राशि को मिलाकर गोबर विक्रेताओं को योजना के शुरू होने के बाद से अब तक 179.28 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। इसी तरह अब तक गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को 164.24 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य के 83 गौठानों में 4 रूपए लीटर की दर से अब तक 76 हजार 820 लीटर गौमूत्र क्रय किया जा चुका है। गौठानों में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा 24,348 लीटर कीट नियंत्रक ब्रम्हास्त्र और 18,722 लीटर वृद्धिवर्धक जीवामृत तैयार किया गया है, जिसमें से 20,521 लीटर ब्रम्हास्त्र और 14,055 लीटर जीवामृत की बिक्री से कुल 15 लाख रूपए की आय हुई। इस गतिविधि को और बढ़ावा देना चाहिए।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यालय में कार्यक्रम में राज्य के गन्ना उत्पादक कृषकों को गन्ना प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 68 करोड़ 90 लाख रूपए की बोनस राशि का ऑनलाईन अंतरण किया। इस राशि में वर्ष 2020-21 के बोनस की 11.99 करोड़ रुपए की बकाया बोनस राशि और गन्ना पेराई वर्ष 2021-22 की 56.91 करोड़ रूपए की प्रोत्साहन राशि शामिल है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि गन्ना उत्पादक किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिससे उन्हें खेती की लागत में भी राहत मिल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना में गन्ना पेराई वर्ष 2021-22 में गन्ना उत्पादक कृषकों को प्रति एकड़ के मान से 10 हजार रूपए एवं शेष राशि गन्ना प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दिये जाने का निर्णय लिया गया था। वर्ष 2020-21 में राशि 84.25 प्रति क्विंटल की दर से 28.589 कृषकों को 59.14 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाना था, जिसमें से 47 करोड़ 12 लाख का भुगतान किया जा चुका है। शेष राशि 11.99 करोड़ का भुगतान भारत सरकार द्वारा घोषित उचित एवं लाभकारी मूल्य के अतिरिक्त छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किया जा रहा है। इसी तरह गन्ना पेराई वर्ष 2021-22 में 79 रुपए 50 पैसे प्रति क्विंटल की दर से कुल 31, 051 कृषकों को 76.24 करोड़ रुपए का भुगतान गन्ना प्रोत्साहन राशि के रूप में किया जाना है, परंतु राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत प्रदाय की गई आदान सहायता राशि का समायोजन करने के साथ ही अंतरिम रूप से गन्ना उत्पादन प्रोत्साहन राशि के रूप में 56.91 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2019-20 में 355 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर गन्ना क्रय किये जाने का निर्णय लिया गया था, जिसके फलस्वरूप वर्ष 2019-20 में गन्ना कृषकों को 93 रुपए 75 पैसे प्रति क्विंटल की दर से 34,637 कृषकों को 73 करोड़ 56 लाख रूपए का भुगतान प्रोत्साहन राशि के तौर पर किया गया था। मुख्यमंत्री ने गन्ना उत्पादक किसानों और गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को कार्तिक पूर्णिमा और गुरूनानक जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने पण्डरिया, केरता और बालोद के गन्ना उत्पादक किसानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की और उन्हें बोनस वितरण के लिए बधाई दी। किसानों ने कहा कि एथेलॉन प्लांट शुरू होने से गन्ना उत्पादक किसानों को फायदा होगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सचिव अंकित आनंद, कृषि विभाग के विशेष सचिव डॉ. अय्याज एफ तम्बोली, मिशन संचालक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अवनीश शरण, विशेष सचिव सहकारिता हिमशिखर गुप्ता, संचालक पशुधन चंदन संजय त्रिपाठी, कृषि विभाग के उप सचिव सुश्री तूलिका प्रजापति भी उपस्थित थीं। विभिन्न जिलों से अनेक जनप्रतिनिधि और किसान भाई भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम से जुड़े थे।

### गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में 5.35 करोड़ रूपए की राशि का ऑनलाईन अंतरण

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम में गोबर विक्रेता पशुपालक ग्रामीणों, गौठानों से जुड़ी महिला समूहों और गौठान समितियों को 5 करोड़ 35 लाख रूपए की राशि ऑनलाइन जारी की। गौठनों में 15 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय किए गए 2.35 लाख क्विंटल गोबर के एवज में किया गया 4.69 करोड़ रूपए भुगतान किया गया। इसी तरह गौठान समितियों को 39 लाख और महिला समूहों को 27 लाख रूपए की लाभांश राशि का भुगतान किया गया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ कमलप्रीत सिंह भी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ की प्रख्यात चेस खिलाड़ी किरण अग्रवाल बनी भारतीय शतरंज टीम की कोच

### सीएम भूपेश बघेल ने दी बधाई और शुभकामनाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की प्रख्यात अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी सुश्री किरण अग्रवाल को अखिल भारतीय शतरंज महासंघ ने भारतीय शतरंज टीम का कोच नियुक्त किया है। सुश्री किरण आगामी 13 नवम्बर से 23 नवम्बर तक श्रीलंका में आयोजित होने जा रही कामनवेल्थ चेस चौम्पियनशिप में शामिल होने वाली 16 सदस्यीय भारतीय टीम में बतौर कोच शिरकत करेंगी। कोच बनाए जाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा कि उनके खेल कौशल और अनुभव का लाभ भारतीय टीम को मिलेगा। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल ने उन्हें बधाई दी और कहा की नई खेल प्रतिभाओं को तराशने में उनका अहम योगदान रहा है। उनके मार्गदर्शन में भारतीय शतरंज टीम अपना अच्छा प्रदर्शन अवश्य करेगी। इससे पूर्व 2004 में दुर्ग जिले के भिलाई की किरण अग्रवाल ने भारतीय शतरंज टीम की कोच बनने का गौरव हासिल किया था। किरण अग्रवाल को कोच बनाये जाने पर प्रदेश के शतरंज खिलाडियों में हर्ष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि शतरंज ओलंपियाड के समय छत्तीसगढ़ में टॉर्च रिले लाया गया था तथा टॉर्च थामने का सौभाग्य भी किरण को मिला था। सुश्री किरण के अलावा प्रवीण थिप्से, व्ही रविचंद्रन एवं प्रसन्नजीत दत्ता भी भारतीय शतरंज टीम के कोच बनाए गए हैं।

### किरण अग्रवाल की उपलब्धियां

सुश्री किरण अग्रवाल प्रदेश की एकमात्र महिला शतरंज खिलाड़ी है, जिन्हें वीमेन फीडे मास्टर का टाइटल विश्व शतरंज महासंघ द्वारा प्रदत्त किया गया है। किरण ने लंदन, दुबई, जर्मनी, यूगोस्लाविया, बांग्लादेश, दोहा (कतर) जैसे लगभग 15 से अधिक प्रमुख देशों में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने प्रदर्शन से प्रतिद्वंदियों को लोहा मनवा चुकी हैं। इनकी उपलब्धियों को देखते हुए तात्कालीन मध्यप्रदेश सरकार ने 1986 में उन्हें विक्रम एवार्ड से नवाजा था।

## महापौर और निगम अधिकारियों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार जारीः जयंती पटेल

**रायपुर (ए)।** भाजपा रायपुर शहर जिला ने जिला अध्यक्ष जयंती भाई पटेल के नेतृत्व में नगर निगम महापौर के भ्रष्टाचार को लेकर तेलीबांधा से लेकर वीआईपी चौक तक प्रदर्शन किया। महापौर एजाज ढेबर व नगर निगम द्वारा मनमाने ढंग से किए जा रहे निर्माण की दीवार को भाजपा ने वॉल ऑफ करप्शन का नाम दिया। रायपुर नगर निगम अंतर्गत तेलीबांधा क्षेत्र में नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट फंड के माध्यम से सड़क डिवाइडर में सौंदर्यीकरण का कार्य करवाया जा रहा है। जिसका आधे से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। परंतु इसमे स्पष्ठ भ्रष्टाचार तब उजागर हुआ जब कुछ दिन पूर्व निगम द्वारा इसका टेंडर जारी किया गया। भारतीय जनता पार्टी के नेताओ ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह ना केवल स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के पैसों का दुरुपयोग है अपितु स्पष्ठ भ्रष्टाचार है। ऐसा कैसे संभव है कि किसी कार्य का टैंडर जारी हुए बिना ही काम चालू हो गया और आधे से अधिक निर्मित भी हो गया ।और इस पर निगम के जोन कंडीशनर गैर जिम्मेदाराना बयान जारी करते हैं कि नहीं मालूम कौन यह कार्य करवा रहा है रोकने पर भी नहीं मान रहा है।

# शासकीय योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को लाभान्वित करेंः कलेक्टर

**रायपुर (ए)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने मंगलवार को मत्स्य, पशुपालन, उद्यानिकी और कृषि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली।उन्होंने इन विभागों द्वारा जिले में किए जा रहे विभिन्न कार्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। मत्स्य विभाग को जिले में ज्यादा से ज्यादा मत्स्य उत्पादकों को शास्कीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। मछली पालन करने वाले को बीज उपलब्ध कराएं,जिससे मत्स्य उत्पादन में वृद्धि हो। जिला सहकारी बैंक को मत्स्य उत्पादकों को किसान क्रेडिट कार्ड के तहत लाभान्वित करने कहा। गौठानो में पानी की उपलब्धता के अनुसार मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए, इससे गौठान की



आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

इसी तरह पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में मुर्गी और बकरी पालन के लिए लोगों को प्रोत्साहित करें। गौठानों में भी शेड बनाकर महिला स्व-सहायता समूहों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिले में स्थापित हैचरी से उत्पादित मुर्गी के चूजों को पालन के लिए वितरण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिले में संचालित शासकीय योजनाओं से पशुपालकों को अवगत कराएं और उन्हें इन योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित करे। पशुओं को लंपी वायरस से सुरक्षा के लिए पशु टीकाकरण का कार्य नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। अनुदान के लिए प्रस्तुत आवेदनों का यथाशीघ्र निराकरण करने कहा। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी रवि मौसम में दलहन और तिलहन फसलों का रकबा बढ़ाने के निर्देश दिए।रवि मौसम की फसल के लिए समय पर किसानों को खाद, दवा और बीज की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश छिकारा सहित संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# गुरू नानक के विचारों को अपनाते हुए धर्म, जाति के भेद को मिटाकर मानव सेवा में रहें संलग्नः राज्यपाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके सिक्ख पंथ के संस्थापक गुरु नानक देव जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम, प्रकाश पर्व में शामिल हुईं। इस अवसर पर राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि गुरु नानक देव ने धर्म और जाति के भेद को मिटाकर मानव कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित किया। मानव मात्र की सेवा ही उनके विचारों की प्रमुखता थी। उन्होंने कहा कि सिक्ख धर्मगुरूओं के उपदेशों का अनुसरण करते हुए सभी लोगों को मानव सेवा के कार्य में संलग्न होना चाहिए। राज्यपाल सुश्री उइके रायपुर के खालसा स्कूल में आयोजित गुरूनानक जन्मोत्सव के कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने पवित्र गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर सिक्ख धर्मगुरूओं को नमन किया। राज्यपाल ने कार्यक्रम में सिक्ख सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव के उपदेश आज समाज के लिए अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। उनके उपदेशों की स्वीकार्यता धर्मों से परे समस्त मानव जाति में है। उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके उपदेशों को आत्मसात करना चाहिए।राज्यपाल ने कहा कि श्री गुरु नानक देव न केवल महान चिंतक और दार्शनिक थे बल्कि



समाज सुधारक भी थे। वे मेहनत और ईमानदारी के समर्थक थे। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में सदैव मेहनत और ईमानदारी से धन अर्जित करना चाहिए। साथ ही इसका उपयोग जनकल्याण के लिए भी करना चाहिए। उन्होंने समाज से भेद-भाव मिटाने के लिए सिक्ख धर्म में लंगर की प्रथा प्रारम्भ करवाई। लंगरों में सिख भाई अमीर हो गरीब सभी को प्रेम से भोजन परोसते हैं। ऐसी व्यवस्था दुनिया में हमें और कहीं देखने को नहीं मिलती है। उनके उपदेशों से ज्ञान का उजाला फैला। अपने संदेशों के माध्यम से समाज से कुरीतियों को दूर कर, समाज को एक नई दिशा देने का भी काम किया। उन्होंने विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए प्रेम, सद्भावना और भाईचारे के पथ पर चलने की प्रेरणा दी।

राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि आज हमें यह संकल्प लेने की जरूरत है कि श्री गुरू नानक देव जी के विचारों का हमेशा अनुसरण करेंगे। आपसी सद्भाव, समरसता और प्रेम समन्वय बनाकर देश के विकास में अपनी भागीदारी निभाएंगे। इस अवसर पर सिक्ख समाज ने राज्यपाल को शॉल और सरोपा भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड के छात्राओं ने भी शबद गायन किया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में आयोजित मेडिकल कैंप का अवलोकन भी राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक द्वय कुलदीप जुनेजा एवं विकास उपाध्याय, गुरूचरणसिंह होरा एवं महेंद्र छाबड़ा सहित सिक्ख समाज के सम्मानित लोग उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# सर्दियों में भूलकर भी गरम पानी से न धोएं चेहरा, हो सकते हैं ये पांच नुकसान

**सर्दियां आते ही हम गरम पानी का इस्तेमाल करना शुरू कर देते हैं। इससे ठंडे मौसम में आराम मिलता है। कुछ लोग गरम पानी का इस्तेमाल पीने से लेकर मुंह धोने तक हर चीज में करते हैं। इससे उनकी त्वचा को फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचता है। आइए आज आपको गरम पानी से नहाने और मुंह धोने से त्वचा को होने वाले पांच नुकसानों के बारे में बताते हैं।**



## गरम पानी से त्वचा जल्दी हो जाती है ड्राई

सर्दियों में ज्यादातर लोगों की त्वचा खुश्क रहती है, लेकिन गरम पानी से मुंह धोने से त्वचा में सामान्य से ज्यादा रुखापन और ड्राईनेस आ जाती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि गरम पानी के इस्तेमाल से त्वचा के नेचुरल ऑयल और प्रोटीन कम हो जाते हैं जो उसे ड्राई होने से बचाते हैं। गरम पानी से मुंह धोने से ज्यादा संवेदनशील त्वचा को स्किन इंफेक्शन होने का खतरा भी रहता है।

## चेहरे की चमक और बालों के लिए है हानिकारक

चेहरे की त्वचा बेहद संवेदनशील होती है, इसलिए कभी-कभी गरम पानी से त्वचा के सेल्स डैमेज हो जाते हैं। चेहरे पर ड्राईनेस और रेडनेस की समस्या होने लगती है। इससे आपकी त्वचा की नेचुरल चमक भी खत्म हो जाती है। इसके अलावा गरम पानी से नहाने से बालों को भी नुकसान पहुंचता है। यह आपके स्कैल्प को रुखा बनाता है और बालों की जड़ों को कमजोर करता है। इससे बाल भी ज्यादा झड़ने लगते हैं।

## चेहरे पर जल्दी आती हैं झुर्रियां

समय से पहले त्वचा पर झुर्रियां आ जाना किसी को भी पसंद नहीं आता। अगर आप इससे बचना चाहते हैं तो गरम पानी से अपनी त्वचा को बिल्कुल न धोएं। दरअसल, गरम पानी के इस्तेमाल से शरीर में पाया जाने वाला कोलेजन और सीबम कम होने लगता है जिससे त्वचा खराब होना शुरू हो जाती है। अगर शरीर में कोलेजन और सीबम की मात्रा ज्यादा होगी तो एजिंग के निशान देर से आएंगे।

## त्वचा पर निशान और जलन का खतरा

ज्यादा गरम पानी से नहाने और मुंह धोने से त्वचा पर कई तरह के निशान आने भी शुरू हो जाते हैं और खुजली होने लगती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि इसके इस्तेमाल से त्वचा के रोमछिद्र ज्यादा खुल जाते हैं। गरम पानी से चेहरे पर रेडनेस भी आने लगती है, जिससे जलन (सनबर्न) जैसा लगने लगता है। इससे आपका चेहरा काफी खराब दिखने लगता है, इसलिए सर्दियों में गरम पानी के इस्तेमाल से बचें।

## शरीर में आ जाती है सुस्ती

सर्दियों में गरम पानी से नहाने के बाद शरीर को बहुत आराम महसूस होता है, लेकिन इससे आपका ही नुकसान होगा। दरअसल, गरम पानी से नहाने के बाद शरीर सुस्त हो जाता है और गहरी नींद आने लगती है। अगर आप नॉर्मल पानी से नहाएंगे तो थोड़ी देर के लिए शायद आपको ठंड लगे, लेकिन इससे आप पूरा दिन एक्टिव महसूस करेंगे। इसके अलावा ठंडे पानी से रोजाना नहाने से आपकी गरम पानी की आदत भी छूट जाएगी।

# जरीन खान नागभैरव में निभाती दिखेंगी दोहरी भूमिका



अभिनेत्री जरीन खान जल्द ही तमिल हॉरर-थ्रिलर नागभैरव में दमदार स्टंट के साथ दोहरी भूमिका निभाती नजर आएंगी। जरीन ने वीर से डेब्यू किया था इसके बाद उन्हें हाउसफुल 2 और हेट स्टोरी 3 जैसी फिल्मों में देखा गया, जिसके बाद उन्होंने जट्ट जेम्स बॉन्ड के साथ पंजाबी फिल्मों और थ्रिलर चाणक्य के साथ तेलुगु फिल्मों में कदम रखा।

वी.सी. वादिवुदियां और वी. पलानीवेल द्वारा निर्मित यह फिल्म हिंदी सहित कई भाषाओं में रिलीज होगी। और पहली बार वह दोहरी भूमिका निभाएंगी। इसको लेकर एक्ट्रेस ने कहा है, इस फिल्म की शूटिंग के दौरान, मुझे लगा कि आखिरकार मुझे वह सब कुछ करने का मौका मिल गया जो मैं हमेशा से करना चाहती थी! अभी तक, हमने चेन्नई, पांडिचेरी और कुंभकोणम में अपने हिस्से की शूटिंग कर ली है।

हमारे पास अभी भी एक शेड्यूल बाकी है। शूट करने के लिए, जिसकी योजना ज्यादातर नवंबर के आसपास बनाई जाएगी।नागभैरव को एक्शन से भरपूर एडवेंचर बताया जा रहा है।ऐसे युग में जहां महिला अभिनेताओं को अंततः उनकी कलात्मकता के लिए पहचाना और सराहा जा रहा है, मुझे खुशी है कि यह फिल्म मुझे सिर्फ एक सुंदर चेहरे के अलावा और भी बहुत कुछ करने का अवसर देती है!

# अवनीत कौर ने शॉर्ट ड्रेस में बढ़ाया इंटरनेट का पारा, तस्वीरें देख फैंस ने भरी आहें



टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर इन दिनों अपनी फोटोज से इंटरनेट पर सनसनी मचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों की तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हाल ही में अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट से एक बार फिर बोल्ड अदाओं का तड़का लगा दिया है। अवनीत कौर ने महज 21 साल की उम्र में टीवी इंडस्ट्री में एक बढ़ा मुकाम हासिल किया है। हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से एक बार फिर फैंस के बीच बोल्डनेस का तड़का लगा दिया है। इन तस्वीरों में अवनीत कौर ने व्हाइट कलर का क्रॉप टॉप और साथ ही ब्लू कलर का शॉर्ट्स पहना हुआ है। ओपन कर्ली हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। अवनीत कौर जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों की जमकर तारीफ करते हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि अवनीत कौर को इंस्टाग्राम पर 32 मिलियन से भी ज्यादा यूजर्स फॉलो करते हैं। अवनीत कौर हमेशा अपने स्टाइलिश लुक्स और फैशन सेंस के चलते लाइमलाइट में रहती हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर ने 31 अक्टूबर 2001 को पंजाब के जलंधर में जन्म लिया था और उन्होंने अपने टीवी करियर की शुरुआत डीआईडी से की थी।

# सुबह-सुबह घास पर नंगे पैर चलने से स्वास्थ्य को मिलते हैं ये 5 फायदे



रोजाना सुबह-सुबह 20 से 30 मिनट घास पर नंगे पैर चलने से हमारी सेहत को बहुत फायदे मिलते हैं। नंगे पैर चलने से हम सीधे जमीन से जुड़ते हैं, इसलिए इसे अर्थिंग या ग्राउंडिंग भी कहते हैं। इससे हमारे अंदर ऊर्जा का स्तर बढ़ता है और स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ता है।। आइए आज आपको घास पर नंगे पैर चलने से होने वाले पांच फायदों के बारे में बताते हैं।

## आंखों की रोशनी में होता है सुधार

हमारे पैरों में बहुत सारे रिफ्लेक्सोलॉजी प्वाइंट्स होते हैं जो आंखों सहित शरीर के कई अंगों से जुड़े होते हैं। घास पर नंगे पैर चलने से पैर की पहली, दूसरी और तीसरी उंगलियों पर दबाव पड़ता है जो आंखों की रोशनी के लिए मुख्य रिफ्लेक्सोलॉजी प्वाइंट्स हैं। इनके दबाव से आंखों की रोशनी में सुधार होता है। इसके अलावा घास के हरे रंग को देखकर आंखों को सुकून भी मिलता है।

## तनाव और चिंता को करें दूर

हरी-भरी घास पर नंगे पैर चलने और उस पर सूरज की रोशनी पड़ने से दिमाग शांत रहता है। ऐसे वातावरण में अपने दिन की शुरुआत करने से आप दिनभर तरोताजा महसूस करेंगे और तनाव और चिंता से भी दूर रहेंगे। इसके अलावा आपके पैरों को ताजी हवा मिलेगी और आपकी सारी थकान और शरीर का दर्द दूर हो जाएगा। इससे आप पूरा दिन एक्टिव भी रहेंगे।

## अच्छी नींद आने में मिलेगी मदद

अगर आपको रात में सोने के लिए नींद की दवा खानी पड़ती है तो आपको रोजाना घास पर नंगे पैर जरूर टहलना चाहिए। यह 24 घंटे के चक्र का पालन करने वाले आपके शारीरिक, मानसिक और व्यवहारिक बदलावों में सुधार करता है। इससे आपको नींद और जागने के चक्र को स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है। इसके अलावा प्रकृति के साथ शारीरिक संबंध रहने से कोर्टिसोल नामक तनाव हॉर्मोन कम होता है, जिससे गहरी नींद को बढ़ावा मिलता है।

## सूजन कम करने के लिए है बेहतरीन

सुबह-सुबह घास पर नंगे पैर चलने से पैरों की एक्सरसाइज होती है और जमीन से जुड़े रहने से पैरों के रिफ्लेक्सोलॉजी प्वाइंट्स पर भी असर पड़ता है। इससे शरीर में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट सक्रिय होते हैं जो सूजन से लड़ने में मदद करते हैं। इसके अलावा ताजी हवा और ओस में भीगी घास पर चलने से पैरों को ऑक्सीजन मिलती है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है।

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी है सहायक

आप जितना प्राकृति से जुड़े रहेंगे, आपका दिल और दिमाग उतना ही शांत रहेगा। आप तनाव और डिप्रेशन से दूर रहेंगे। घास पर नंगे पैर चलने से आपका मानसिक स्वास्थ्य अच्छा और बेहतर होगा। इसके अलावा आपका स्वभाव भी नरम रहेगा। वहीं हरियाली के बीच बैठने और टहलने से आप अन्य बीमारियों से भी दूर रहेंगे। डॉक्टर अक्सर डायबिटीज जैसी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को घास पर नंगे पैर चलने की सलाह देते हैं।

## अरबाज खान ने बताया क्यों शुरू नहीं हो पा रहा फिल्म दबंग 4 पर काम

सलमान खान की हिट फ्रैंचाइजी दबंग की अगली फिल्म दबंग 4 का दर्शकों को लंबे समय से इंतजार है। इससे पहले सलमान खुद दबंग 4 बनाने की ओर इशारा कर चुके हैं। अब फिल्म अभिनेता-प्रोड्यूसर अरबाज खान ने फिल्म के निर्माण पर जानकारी साझा की है। अरबाज ने कहा है कि दबंग 4 एक ऐसी फिल्म है जिसे वे पूरे दिल से और मेहनत से बनाना चाहते हैं।

अरबाज ने कहा कि दबंग 4 पर काम होगा। फिलहाल वह और सलमान दोनों ही अपने पुराने कामों में व्यस्त हैं। बकौल अरबाज दबंग 3 और दबंग 4 के बीच उतना समय नहीं लगेगा, जितना दबंग 2 और दबंग 3 के बीच लगा था। इस फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार करने के लिए अरबाज और सलमान दोनों को साथ में समय निकालने की जरूरत है। ऐसे में दोनों अपने अन्य काम पूरे करके इसपर काम शुरू करेंगे।

अरबाज के अनुसार यह एक ऐसी फिल्म है जिसे वह रचनात्मक स्तर पर सलमान के पास ले गए थे। इसके बाद उन्होंने इसका निर्माण और निर्देशन किया। वहीं फिल्म में सलमान के किरदार चुलबुल पांडे को दर्शकों ने काफी प्यार दिया। इस किरदार ने सलमान को बॉलीवुड में नया नाम दिया। ऐसे में यह फिल्म दोनों के दिल के बेहद करीब है और कोई एक इसको लेकर फैसला नहीं ले सकता।

दबंग बॉलीवुड की सबसे चर्चित फिल्म फ्रैंचाइजी में से एक है। यह फिल्म 2010 में आई थी। फिल्म में सलमान एक दबंग पुलिसवाले चुलबुल पांडे के किरदार में हैं। वहीं फिल्म में सोनू सूद ने छेदी सिंह की भूमिका में सुर्खियां बटोरी थी। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने दबंग से ही बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी। फिल्म का सीक्वल 2012 में आया था और दबंग 3 2019 में रिलीज हुई थी। जहां दबंग और दबंग 2 का निर्देशन खुद अरबाज ने किया था वहीं दबंग 3 में निर्देशन की कमान प्रभुदेवा ने संभाली थी। चर्चा है कि दबंग 4 का निर्देशन अरबाज तिग्मांशु धूलिया को देना चाहते हैं।

Hero
Authorised Dealer
KGN HERO
9907999822, 7974074371
Junwani Road, Near By Falaknuma Masjid, Kohka, Bhilai, E-Mail:kgnhero06@gmail.com

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### चार स्तरों में होगा, मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता

**दुर्ग।** स्वीप कार्यक्रम के तहत राज्य के समस्त उच्च शैक्षणिक संस्थानों हेतु चार स्तरीय भाषण एवं इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के महाविद्यालयों में अध्ययनरत युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने एवं समान्य जन के मध्य मतदाता जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य के समस्त उच्च शैक्षणिक संस्थानों में अकादमिक प्रतियोगिता में भाषण प्रतियोगिता, इलेक्शन क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम आयोजन एवं संभावित समय-सीमा का विवरण में महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगित 09 नवंबर से 15 नवंबर 2022 तक के मध्य, जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता 18 नवंबर 2022 दिन शुक्रवार को और संभाग स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता 25 नवंबर 2022 दिन शुक्रवार शामिल है। राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता हेतु सूचना पृथक से जारी किया जाएगा। विस्तृत जानकारी हेतु जिला निर्वाचन विभाग से संपर्क कर सकते है।

### छत्तीसगढ़ मानव अधिकार फाउंडेशन की बैठक सम्पन्न

**गरियाबंद।** संस्थापक व हाईकोर्ट अधिवक्ता लव कुमार रामटेके के मार्गदर्शन पर ग्राम पंचायत तौरेन्गा में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए पंचायत द्वारा एवं तौरेन्गा से जुड़े सदस्यों द्वारा बैठक रखा गया।जिससे छत्तीसगढ़ मानव अधिकार फाउंडेशन का एवं पदाधिकारीगण का स्वागत किया गया।छत्तीसगढ़ मानव अधिकार फाउंडेशन के प्रदेश सदस्य व जिलाध्यक्ष महेंद्र गंधर्व एवं महिला जिलाध्यक्ष श्रद्धा ठाकुर द्वारा लोगों को मानव जीवन जन्म से लेकर मृत्यु तक मानव के अधिकरों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया।जिसमें मुख्य रूप से महिलाओं की शिकायत ग्राम में नशा मुक्त हो लोगों की शिकायत से छत्तीसगढ़ मानव अधिकार फाउंडेशन रूबरू हुए।बैठक में ग्राम पंचायत के सरपंच उपसरपंच वार्ड पंच ग्राम पटेल सचिव ग्रामीण लोंगो में काफी उत्साह एवं कार्ययोजना के प्रति सहयोग प्रदान करने की अस्वासन दिया गया।इस अवसर पर सदस्यगण व ग्राम पंचायत के समस्त पदाधिकारीगण एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आज से शुरू

# युवाओं को जागरूक करने निकाली गई सायकल रैली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** युवाओं को जागरूक करने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने आयोजित की सायकल रैलीयुवाओं को जागरूक करने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने आयोजित की सायकल रैली मतदाता सूची में युवा मतदाताओं को नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा आज सायकल रैली का आयोजन किया गया। 'पेडल फॉर पार्टिसिपेटिव इलेक्शन्स ' की थीम पर आज सवेरे आयोजित रैली में रायपुर के युवाओं, दिव्यांगों, स्कूली बच्चों, तृतीय लिंग के व्यक्तियों, जिला प्रशासन व मुख्य निर्वाचन




पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया। तेलीबांधा तालाब से शुरू हुई सायकल रैली घड़ी चौक और घड़ी चौक से वापस तेलीबांधा तालाब पहुंची। प्रसिद्ध समाज सेवी पद्मश्री से सम्मानित श्रीमती शमशाद बेगम और प्रसिद्ध पर्वतारोही एवं छत्तीसगढ़ के पीडब्ल्यूडी स्टेट आइकॉन श्री चित्रसेन साहू ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। युवाओं को प्रेरित करने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले और पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर श्री राजेश चौहान ने भी रैली में सायकल चलाई।

1 जनवरी 2023 की स्थिति में मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आज से शुरू हो गया है। 1 जनवरी 2023, 1 अप्रैल 2023, 1 जुलाई 2023 और 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूरे करने वाले युवा अपना नाम जुड़वाने 9 नवम्बर 2022 से 8 दिसम्बर 2022 तक आवेदन कर सकते हैं। उनके 18 वर्ष पूर्ण होते ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र जारी किए जाएंगे। युवाओं को जागरूक करने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने आयोजित की सायकल रैली

राष्ट्रीय स्तर पर भी मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आज से शुरू हो गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महाराष्ट्र के पुणे में आज सायकल रैली सहित विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन कर इसका शुभारंभ किया गया। देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त श्री अनूप चंद्र पाण्डेय सहित आयोग के वरिष्ठ अधिकारी पुणे में आयोजित कार्यक्रमों में भागीदारी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पुणे आम चुनावों में देश में सबसे कम मतदान प्रतिशत वाले प्रमुख शहरों में शुमार है।

# एएनएम करेंगी मानसिक रोगियों की पहचान, दिया गया प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

जगदलपुर। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मंगनार एवं करपावण्ड स्वास्थ्य केंद्र में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित होने वाले विकार, लक्षण कारणों के बारे में 25 से अधिक एएनएम को विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य की समस्या से जूझ रहे लोगों की पहचान कर उन्हें समय रहते जिला चिकित्सालय के स्पर्श क्लीनिक से जोड़ना है।



इस सम्बन्ध में नोडल अधिकारी डॉ.ऋषभ साव ने बताया, डीएमचपी बस्तर की टीम के द्वारा पीएचसी मंगनार और करपावण्ड में सभी एएनएम को मानसिक रोगों की पहचान जैसे- चिंता, विकार, अवसाद, शिजोफ्रेनिया, मिर्गी और सब्सटेंस एब्यूज तथा बच्चों में होने वाले असमान्य व्यवहार, विकृति, मेंटल रिटारडेड, एवं इंटरनेट एडिक्शन आदि, मानसिक रोगों के बारे में बताया गया जिससे वे मानसिक रोगों से पीड़ित व्यक्ति की पहचान कर (स्क्रीनिंग कर) जिला अस्पताल के स्पर्श क्लिनिक में रेफर कर सकें। इस प्रशिक्षण को मूल उद्देश मानसिक रोगियों को सरकार द्वारा प्रदान की जा रही निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना और उन्हे सामान्य जीवन यापन करने की ओर प्रेरित करना है।

प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित एएनएम को क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट मोनिका ने बताया: मानसिक रोगियों की स्क्रीनिंग करने से पहले मानसिक रोग के बारे में जानना जरूरी है। जब एक व्यक्ति ठीक से सोच नहीं पाता, उसका अपनी भावनाओं और व्यवहार पर काबू नहीं रहता, तो ऐसी हालत को मानसिक रोग कहते हैं। मानसिक रोगी आसानी से दूसरों को समझ नहीं पाता और उसे रोज़मर्रा के काम ठीक से करने में मुश्किल होती है। मानसिक रोगी की पहचान करना थोड़ा कठिन है क्योंकि, हर व्यक्ति में मानसिक बीमारी के लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि उसे कौन-सी मानसिक बीमारी है।

उन्होंने आगे बताया: मानसिक रोग किसी को भी हो सकता है। अगर मानसिक रोगी अच्छी तरह अपना इलाज करवाए, तो वह ठीक हो सकता है। इसके लिए जरूरी है कि मानसिक रोगी की पहचान समय रहते की जाए। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन में डॉ.रुख़सार खान और कम्यूनिटी साइकोलॉजिस्ट रूपेश मसीह का विशेष सहयोग रहा।

# मिशन 2023 को लेकर भाजपा ने शक्ति केन्द्र स्तर पर बैठक की शुरुवात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** अगले वर्ष प्रदेश में होने वाले विधान सभा चुनाव को लेकर भाजपा अब पूरी तरह गम्भीर हो गई है और लगातार प्रदेश की भुपेश बघेल की कांग्रेस सरकार की नाकामी को लेकर धरना प्रदर्शन जैसे आयोजन कर रही है तो वही संगठनात्मक तौर पर भी मैदानी स्तर के कार्यकर्ताओ की टीम को मजबूत करने प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा नियुक्त विधानसभा प्रभारियों ने मंडलवार बैठक लेने के बाद अब शक्ति केंद्रों पर भी बैठक प्रारम्भ कर कार्यकर्ताओ को माईक्रो मैनेजमेंट के टिप्स दे रहे है इसी क्रम में आज से दुर्ग शहर विधानसभा प्रभारी व रायपुर जिला के पूर्व भाजपा अध्यक्ष राजीव कुमार अग्रवाल ने आज गंजपारा सदर मंडल के शक्तिकेंद्रों में बुथ से लेकर स्थानीय स्तर के सभी प्रमुख नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर मिशन 2023 के लिए आगामी 10माह का लक्ष्य देकर कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता अब भुपेश सरकार व स्थानीय कांग्रेसी विधायक के विफलता व नाकामी को बताने अपने अपने क्षेत्रों के घर घर पहुँचे बैठक में जिला भाजपा मंत्री व मंडल प्रभारी दिनेश देवांगन, मंडल अध्यक्ष दीपक चोपड़ा,जिला भाजयुमो अध्यक्ष नितेश साहू,विजय व्यास, पार्षद ओमप्रकाश सेन,पुष्पा गुलाब वर्मा,शशी द्वारिका साहू वरिष्ठ नेता रजा खोखर,राजेंद्र पाध्येय,पूर्व पार्षद नरेंद्र चंदेल प्रशांत जोशी श्यामा साव युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दीपक सिन्हा,महेश यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

गंजपारा सदर मंडल में आयोजित शक्ति केंद्रों की बैठक की शुरुवात पचरी पारा शक्तिकेन्द्र में साई हनुमान मंदिर से हुई जिसके पश्चात कचहरी वार्ड शक्ति केंद्र डिपरा पारा,आपपुरा शक्ति केंद्र,आपपुरा,शिवपारा शक्ति केंद्र में तुलसी चौक व पोलसाय पारा शक्ति केंद्र में पोलसाय पारा चौक में सम्पन्न हुई जिसके अंतर्गत लगभग 20 से अधिक बूथों के कार्यकर्ताओं व प्रमुख नेताओं की बैठक लेकर विधानसभा प्रभारी राजीव कुमार अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती व विधान सभा चुनाव में फतह के लिए 10 माह के टारगेट दिया।

# पॉक्सो अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर । पॉक्सो अधिनियम, 2012 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में छत्तीसगढ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के सभागार में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किशोर न्याय समिति छत्तीसगढ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक एकादमी तथा छत्तीसगढ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से किया गया।




उपरोक्त कार्यशाला का शुभारंभ माननीय न्यायमूति अरूप कुमार गोस्वामी, मुख्य न्यायधीश, छत्तीसगढ उच्च न्यायालय तथा मंचस्थ न्यायाधीषगण द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय मुख्य न्यायाधिपति श्री अरूप कुमार गोस्वामी ने कहा कि 2012 में आये पॉक्सो एक्ट पर आज 10 वर्शो के बाद इसके क्रियान्यन के संबंध में समीक्षा कर रहे हैं, इसके क्रियान्वयन में क्या-क्या चुनौतिया है, क्या-क्या कमियां है इस पर हमको विचार करना है इसके क्रियान्वयन के लिए आप सभी की महत्वपूर्ण भागीदारी एवं सहयोग आवष्यक होगा। बच्चों के हित के लिए सभी हितधारको को अपनी भूमिका गंभीरतापूर्वक निभाना होगा। उन्होंने आगे कहा कि आप लोग जो भी जिंदगी में इनके लिए करें पूरी गंभीरता और समर्पण के साथ खुद से और दिल से करें और अच्छे कार्य का अच्छा परिणाम ही प्राप्त होगा। आपको यह भी देखना है कि कहां कमियां, क्या गड़बड़िया हैं, और कहां हम फेल हैं यह भी सोचें और आप अच्छा करने का प्रयास करेंगे। कार्यशाला को माननीय न्यायमूर्ति श्री गौतम भादुड़ी, न्यायधीश छत्तीसगढ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा विषेश उद्बोधन में कहा कि समाज को ऐसी मानसिकता से बाहर आना है कि देश में केवल छोटी बालिकाएं ही असुरक्षित हैं, परंतु आंकड़ो के अनुसार छोटे बालकों को भी खतरा है। यहां यह भी उल्लेखनिय है कि इन अपराधों के लिए पुरुषों को ही अपराधी माना जाता है जबकि कई बार महिलाओं का भी इसमें बराबर की सहभागिता रहती है। उन्होंनें अपने संबोधन में यह भी कहा कि अधिनियम में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए महिला चिकित्सकों ही अधिकृत किया गया है। न्यायमूर्ति संजय के अग्रवाल, न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष, गवर्निंग बॉडी, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायि एकादमी ने अपने की-नोट एड्रेस में कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित निपुन सक्सेना मामले मे अभिधारित दिशा-निर्देशों का न केवल विषेश पॉक्सों न्यायाधीष अपितु पुलिस प्रशासन भी कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें। माननीय न्यायमूर्ति श्री पी.सैम कोषी, न्यायाधीश छत्तीसगढ उच्च न्यायालय ने संबोधित करते हुए कहा कि बालकों के विरूद्ध लैंगिक अपराध पर भारत में खुलकर चर्चा न कर इसे वर्जित विशय समझा जाता है।

### कलेक्टर ने फसल कटाई कार्य का किया औचक निरीक्षण

# ग्राम पंचायत गेराव के आश्रित ग्राम बताती का दौरा किया, किसानों से फसल को लेकर जानकारी ली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कलेक्टर संजीव झा ने आज विकासखंड कोरबा अंतर्गत ग्राम पंचायत गेराव के आश्रित ग्राम बताती के मोहल्ला कामरान का दौरा किया। यहां गॉव पहुंचते ही कलेक्टर झा ने सड़क से उतरकर पैदल खेत मे पहुंच गए और यहां उन्होंने गांव के किसानों से धान की फसल को देखने के साथ ही फसल उत्पादन के बारे में जानकारी ली।

कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों से फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन के संबंध में भी बीमा कंपनी सहित कृषि विभाग के अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने खेत में लगे धान फसल के 5 बाय 5 वर्ग मीटर के एक निश्चित क्षेत्र में औसत उत्पादन को जानने के लिए किए जा रहे फसल कटाई प्रयोग का भी बारीकी से अवलोकन किया। फसल कटाई उपरांत निश्चित क्षेत्र में उत्पादित धान की मात्रा के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने फसल बीमा के बारे में किसानों को जागरूक करके योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए।

इस दौरान कलेक्टर झा ने कहा कि गांव के किसानों को पीएम फसल बीमा योजना का लाभ मिले इसके लिए फसल कटाई का प्रयोग का अवलोकन किया गया है। कमिश्नर लैंड रिकॉर्ड से रेंडमली प्राप्त जानकारी के आधार पर क्रॉप कटिंग मॉनिटरिंग व एक्सपेरिमेंट कार्य का अवलोकन किया गया है। उन्होंने खेत मे तैयार फसल की स्थिति और उनमें किसी किस्म की बीमारी तो नहीं है इस संबंध में भी किसानों से जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने गांव के किसान रामलाल के खेत मे पहुंचकर फसल कटाई प्रयोग के लिए धान क्षेत्र की मापी, धान कटाई, मिसाई और तौल प्रशिक्षण कार्य का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही किसानों के अलावा मौके पर उपस्थित कृषि विभाग के अधिकारियों से क्षेत्र में फसल उत्पादन के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने किसान राम लाल से पूछा कि इस बार उसने धान के कौन से किस्म की पैदावार की है और कितने रकबा में फसल लगाई है। इस पर कृषक ने सिल्फ़ी किस्म के देसी धान की खेती करने की जानकारी दी। खेतों में अब फसल की कटाई के साथ ही धान की खरीदी भी शुरू हो गई है। इस संबंध में भी दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### कांग्रेस ने निकाली किसान जोड़ों सम्मान यात्रा

**रायपुर।** राव भवन से प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष रामविलास साहू के नेतृत्व में किसान जोड़ों सम्मान यात्रा निकाली गई। जहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नारियल तोड़ कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा बस्तर के लिए रवाना हुई। जहां दंतेवाड़ा में दंतेश्वरी माता के दर्शन पश्चात यात्रा शुरू होगी। यात्रा मे छत्तीसगढ़ प्रभारी किसान कांग्रेस हर गोविन्द सिंह तिवारी प्रभारी महामंत्री जागेंद्र पाण्डे हरिओम सोनी राजेश पाण्डे कोषाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा उपाध्यक्ष आर्शिल कुरेशी बी आर नेताम मुकेश चौधरी पायल शर्मा रायपुर जिला अध्यक्ष संजू गोतम रामचन्द्र बर्मन कांसी घृतलहरे सहित प्रदेश किसान कांग्रेस जिला किसान कांग्रेस ब्लाक किसान कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल है।
























# रिटायर्ड बिजली कर्मी के खाते से 18 लाख पार, दो महिलाओं सहित तीन गिरफ्तार

## ठगों ने घर के लिए खरीद डाले थे सभी ऐसो आराम के सामान अब चढ़े पुलिस के हत्थे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** पुलगांव थाना क्षेत्र में रिटायर्ड बिजली कर्मी से 18 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। रिटायर्ड बिजली कर्मी जब बीमार पड़ा तो पैसे जरूरत पड़ने पर उसके बेटे ने एटीएम से पैसा निकालना चाहा तो खाते में राशि नहीं थी। स्टेटमेंट चेक करने पर पता चला किसी ने यूपीआई के जरिए राशि ट्रांसफर कर ली थी। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में दो महिलाओं सहित तीन को गिरफ्तार कर लिया है।

मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 6 नवंबर 2022 को रिटायर्ड बिजली कर्मी शेष कुमार साहू के बेटे ने बताया कि उनके पिता 30 नवंबर 2021 को रिटायर्ड हुए है। जिनका रिटायरमेंट का पैसा उसके भारतीय स्टेंट बैंक शाखा सेक्टर-01 भिलाई के खाता क्र.10621835599 में करीब 18 से 20 लाख रूपये जमा था। उसने बताया कि उसके पिता शेष कुमार साहू का स्वास्थ्य खराब होने से उपचार के लिए जैमिनी हॉस्पिटल दुर्ग में 16 अक्टूबर 2022 में भर्ती किया। पैसे की जरूरत होने पर एटीएम से पैसे निकालने गया तो पैसे नहीं थे। इसके बाद मामले में शिकायत हुई।

पुलिस ने शिकायत के बाद टीम द्वारा प्रार्थी से सभी जानकारियां प्राप्त कर बैंक स्टेटमेंट का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। जिसमें प्रार्थी के खाते से अधिकांष लेन-देन यूपीआई के माध्यम से होना पता चला। प्रार्थी के खाते से अधिक से अधिक रकम एयरटेल पेमेन्ट बैंक के एक नम्बर पर ट्रांसफर होने की




जानकारी हुई। जिससे उक्त एयरटेल पेमेन्ट एकाउंट का डिटेल एवं मोबाईल धारक का नाम पता किया गया जो कि काजोल नाम की किसी महिला के नाम से था।

इसके बाद पता चला कि जामुल में नौकरी के दौरान विगत 10-12 वर्षो से जवाहर नगर भिलाई निवासी विरेन्द्र गुप्ता से अच्छी जान पहचान थी और उसके घर आना जाना होता था। इसके बाद पता चला कि काजोल नाम की महिला विरेन्द्र गुप्ता की बहु है, जिसके खाते में अधिक से अधिक रकम ट्रांसफर हुआ है। जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी की पहचान हुई। इसके बाद यह भी पता चला कि विरेन्द्र गुप्ता की बेटी नेहा गुप्ता बिलासपुर में रहती है और उसकी बहु काजोल का मायका भी बिलासपुर में है जहां पर उसका लड़का चन्द्रषेखर गुप्ता भी अपने ससुराल गया हुआ है।

इसके बाद टीम ने बिलासपुर से काजोल गुप्ता से पूछताछ किया गया जिसके द्वारा एयरटेल पेमेंट बैंक में अपने नाम से पति चंद्रशेखर गुप्ता के द्वारा खाता खुलवाना एवं घर पर आने वाले शेष कुमार साहू के खाते से उसी के मोबाईल के माध्यम से ननद नेहा गुलहरे एवं पति चंद्रशेखर के द्वारा अपने खाते में पैसा ट्रांसफर करना बताया। इसके बाद चंद्रशेखर गुप्ता, नेहा गुलहरे तथा काजोल गुप्ता को पकड़कर लाया गया। पूछताछ में तीनो ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शेष कुमार साहू का विगत 10-12 सालो से अपने घर पर आना जाना, खाना पीना करना इसी दौरान मार्च 2022 से उसके मोबाईल फोन पर नेट बैंकिंग एक्टीवेट कर नेहा गुलहरे एवं उसके भाई चंद्रशेखर गुप्ता के द्वारा अलग-अलग समय पर तकरीबन 18 लाख रूपए अपनी पत्नि काजोल गुप्ता के एयरटेल पेमेंट बैंक के खाते में ट्रांसफर कर रकम को निकालकर खर्च करना बताया। उसी पैसे से स्प्लेण्डर मोटर सायकल, फ्रीज, वाशिंग मशीन, आलमारी, 02 नग सोने का मंगलसूत्र, 01 जोड़ सोने का छोटा टाप्स, सोने की अंगुठी, चांदी का करधन, हाथ फूल व चैन, 03 नग स्मार्ट मोबाईल फोन एवं अन्य घरेलू चींजे खरीदना अपने भाई के शादी में 05-06 लाख रूपए खर्च करना शेष रकम 59 हजार रूपये घर पर रखना बताया। आरोपियों की निशानदेही पर ठगी की रकम से खरीदा गया सारा सामान व नगदी जब्त किया गया।

## खास खबर

### सील पैक देशी प्लेन शराब की बोतल में निकला करैत, दुकान में शिकायत दर्ज कराई



**जांजगीर-चांपा।** जिले में शराब पीने देशी ठेके पर पहुंचे शख्स के होश उड़ गए जब उसने प्लेन की सीसी में सांप देखा। सांप देखते ही शख्स के होश उड़ गए। इसके बाद युवक दुकानदार के पास पहुंचा और इसकी शिकायत दर्ज कराई। शराब दुकान का सैल्समैन भी सीसी को देखकर घबरा गया। आनन फानन में इसकी जानकारी आबकारी विभाग तक पहुंच गई। आबकारी विभाग ने फिलहाल मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार सोनसरी निवासी वीरेंद्र दास अपने दोस्त के साथ पामगढ़ के देशी शराब दुकान पहुंचा। यहां पर उसने प्लेन देशी दारू खरीदी। भीड़-भाड़ में वह नहीं देख पाया। इसके बाद जैसे की शराब पीने के लिए उसने सीसी खोली तो देखा कि उसमें सांप तैर रहा है। अपने दोस्त को दिखाने के बाद वह तत्काल दुकानदार के पास पहुंचा और सीसी दिखाई। मौके पर कई लोगों ने सेल्समेन को घेर लिया। जांच में पता चला कि सीसी में जो सांप था वह करैत है।

सीसी में मरा हुआ करैत पड़ा था और इसे ऐसे ही पैक कर दिया गया। सीसी पर 14 अक्टूबर 2022 की सील लगी थी और जंजगिरी के वेयर हाउस में पैक हुई थी। सांप सीसी के अंदर कैसे पहुंचा यह कोई नहीं बता रहा है। यहां खास बात यह है कि शराब की सीसी में सांप निकलने के बाद भी सेल्समेन ने उसे वापस नहीं लिया और न ही पैसे लौटाए।

### तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, 68 वर्षीय वृद्धा की मौत

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर में भीषण सड़क हादसे में एक 68 वर्षीय वृद्धा की मौत हो गई। एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटर साईकिल को तेज टक्कर मार दी जिसमें गाडी चला रहे व्यक्ति और उसकी मां दोनों दूर फेंका गए। गाडी चला रह व्यक्ति को काफी चोट आई लेकिन वृद्ध महिला की मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक, ट्रक क्रं.सीजी 19-बीपी /7343 मोटर साइकिल को टक्कर मारकर भाग गया। मामला टाटीबंध के महेंद्रा शो-रूप पेट्रोल पंप के पास का है। घटना में गौतम बाई की मौत हो गई। आमानाका पुलिस ने इस मामले में भादव धारा 279, 337, 304 ए के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच चल रही है।

# अनियंत्रित बस की ठोकर से बाइक सवार युवकों की मौत, बस में सवार 15 से ज्यादा घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। रायगढ़ में हाइवे पर अनियंत्रित बस की ठोकर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई है। इसके बाद अनियंत्रित बस पलट गई जिससे 15 से भी ज्यादा यात्री घायल हो गए हैं। मृतकों के शवो को जहां पीएम के लिए भेज दिया गया वहीं घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक मेले से लौट रहे थे और इसी दौरान यह हादसा हुआ। घटना रायगढ़ जिले के पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर को वासुदेव ट्रैवेल्स की बस





रायगढ़ से घरघोड़ा की ओर जा रही थी। हाइवे पर सामने से आ रहे बाइक सवार तीन लोगों को बस ने अपनी चपेट में ले लिया। ठोकर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार उछल कर दूर-दूर जा गिरे। इनमें से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं तीसरे युवक की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। वहीं बाइक को ठोकर मारने के बाद बस भी पलट गई। बस पलटने से उसमें सवार 15 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। हादसा अमलीडीह के पास हुआ है।

घटना की सूचना के बाद पूंजी पथरा पुलिस मौके पर पहुची और घायलों को अस्पताल पहुंचाना शुरू किया। बताया जा रहा है कि जो तीन युवक हादसे का शिकार हुए हैं वे सभी जमडबरी के रहने वाले थे। तीनों भेंडरा पंचायत में कार्तिक मेला घूमने गए थे और वहां से वापस लौट रहे थे। घटना के बाद कुछ देर तक रोड पर जाम की स्थिति बनी रही। सड़क से शवों व पलटी बस को हटाने के बाद जाम हटाया जा सका। बस पलटने के बाद बस में सवार लोगों को इमरजेंसी एग्जिट से बाहर निकाला गया।

## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के बाद शादी और फिर हुआ अत्याचार, पूरा परिवार गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा (ए)।** जिले में नाबालिग से रेप का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी युवक ने पहले उसे प्यार के झांसे में लिया फिर उसे घर ले जाकर कई बार दुष्कर्म किया। 16 साल की पीड़िता के माता-पिता दूसरे राज्य में काम करते हैं। इस वजह से वह अपने नानी के यहां रहकर पढ़ाई करती थी। पिछले साल उसकी मुलाकात दिल कुमार कश्यप(19) से हुई थी। लड़की जब स्कूल जाती लड़का उसे लगातार देखता था, फिर दोनों की बातचीत होने लगी। इसके बाद लड़की भी उसकी बातों में आई और लड़के के साथ चली गई। युवक उससे शादी न करके उससे रेप करता रहा। लड़की ने कहा कि उसे वापस घर जाना है। लेकिन युवक ने उसे जाने भी नहीं दिया। उधर कुछ समय बाद युवक के माता पिता ने जबरदस्ती ही युवक की शादी लड़की से करवा दी। वहीं घर से भगा देने के बाद लड़की बिलासपुर रेलवे स्टेशन के बाहर भीख मांगने लगी। उधर, जब लड़की के माता बाहर से काम करके वापस लौटे, तब उन्होंने अपनी बेटी को स्टेशन के बाहर देखा था। जिसके बाद लड़की ने पूरी बात अपने माता पिता को बताई। फिर 6 नवंबर को मामले में पुलिस से शिकायत की गई। इसी रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी दिल कमार संतोष कश्यप और गंगोत्री बाई कश्यप को गिरफ्तार किया है।

### तेज रफ्तार बाइकर्स के खिलाफ छेड़ा अभियान

## मोडीफाइड सायलेंसर, बिना नंबर की 12 बाइक जब्त



**भिलाई।** दुर्ग यातायात पुलिस ने तेज रफ्तार बाइकर्स, मोडिफाइड साइलेंसर और बिना नंबर के वाहनों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद मंगलवार देर रात ट्रैफिक डीएसी सतीश ठाकुर ने शहर में घूम-घूमकर बाइकर्स पर कार्रवाई की। उन्होंने तेज आवाज करके गाड़ी चलाने वाले, मोडीफाइड सायलेंसर और बिना नंबर की गाड़ी चलाने वाले 12 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की। साथ ही उनकी गाडियों को जब्त भी कर लिया है। उन्हें दोबारा ये गलती न दोहराने की नसीहत दी है।

### पालकों से की अपील

ट्रैफिक डीएसपी ने सभी पालकों से निवेदन किया है कि वे अपने बच्चों को मोडीपाईड करके वाहन चालन की अनुमति न दे। तेज रफ्तार वाहन चलाने से मना करें। यातायात पुलिस ऐसे वाहनों की जब्ती कार्रवाई कर रही है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अर्थदण्ड वसूल कर लाइसेंस सस्पेंड किया जा रहा है। जिसके जवाबदार स्वयं होगें। यदि आपके क्षेत्र में इस प्रकार के वाहन हो तो यातायात वाट्सअप नंबर (9479192029) पर शिकायत भेजे। जिस पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

## सर्विस रोड में खड़ी ट्रक का खोल दिया दरवाजा, ड्राइवर की एक गलती से पीछे आ रहे मोपेड सवार की मौत, एक युवक घायल

**राजनांदगांव (ए)।** राजनांदगांव शहर में मालवाहक चालक की गलती से एक मोपेड सवार की मौत हो गई। वहीं एक युवक इस दुर्घटना में घायल हो गया है। दरअसल शहर के जय मोटर्स के पास सर्विस रोड में खड़े मालवाहक के चालक ने अचानक दरवाजा खोल दिया जिससे पीछे से जा रहे मोपेड सवार चपेट में आकर नीचे गिर गया। घटना में मोपेड सवारों को गंभीर चोटें आने से एक युवक की मौत हो गई है। वहीं दूसरा गंभीर है। पुलिस मर्ग कायम कर आरोपी मालवाहक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में जुटी है।

### सर्विस रोड में खड़ा किया मालवाहक

पुलिस ने बताया कि गौरी नगर निवासी लोकेश यादव पिता धनेश उम्र 20 साल अपने दोस्त उदय विश्वकर्मा पिता गंगाधर उम्र 17 साल निवासी गौरी नगर के साथ मोपेड में सवार होकर सर्विस रोड से रामदरबार की ओर जा रहे थे। इस दौरान जय मोटर्स के पास मालवाहक क्रमांक सीजी 08जेड 8979 के चालक द्वारा बिना कोई संकेत के सर्विस रोड पर लापरवाही पूर्वक वाहन खड़ी कर रखा था। चालक द्वारा मालवाहक के दरवाजे को लापरवाही पूर्वक से खोल दिया। दरवाजा के चपेट में आने से मोपेड सवार दोनों युवक नीचे गिर गए और दोनों को गंभीर चोटें आई थी। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान लोकेश यादव की मौत हो गई। वहीं उदय विश्वकर्मा का इलाज जारी है। पुलिस ने आरोपी मालवाहक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक**
**जिला चिकित्सालय, दुर्ग (छ.ग.)**

क्रमांक/जि.चि./निविदा/साफ-सफाई/2022/7666 दुर्ग, दिनांक 04.11.2022

**जिला चिकित्सालय की सफाई व्यवस्था हेतु**
**द्वितीय निविदा आमंत्रण**

जिला चिकित्सालय दुर्ग के नवनिर्मित सर्जिकल विंग एवं एम.सी.एच. विंग तथा चिकित्सालय के संपूर्ण वार्डों/ विभागों एवं टी.बी. क्लीनिक, आयुष विंग, जी.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र, हॉस्टल, दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र एवं जिला चिकित्सालय परिसर की संपूर्ण साफ-सफाई के लिए 03 वर्षों हेतु सफाई ठेकेदार/ सफाई एजेन्सी/ संस्था से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है.

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र (नियम एवं शर्तें) | अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से रु. 1,000.00 नगद जमा कर कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है जो वापसी योग्य नहीं है. |
| निविदा प्रपत्र (नियम एवं शर्तें) | 1000/- (अक्षरी एक हजार रु. मात्र) जो वापसी योग्य नहीं है. |
| निविदा फार्म की विक्रय की तिथि एवं विज्ञापन प्रकाशित तिथि समय | 07.11.2022 से 06.12.2022 दोपहर 3.00 बजे तक |
| निविदा फार्म जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 07.12.2022 दोपहर 02.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से निविदा प्रपत्र स्वीकार किये जावेंगे. |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 07.12.2022 सायं 4.00 बजे जिला चिकित्सालय के टेली मेडिसिन कक्ष में खोली जावेगी. |
| निविदा फार्म प्राप्त करने का स्थल | निर्धारित जिला चिकित्सालय दुर्ग कमरा नम्बर 35 अथवा मुख्य पंजीयन काउंटर |

जी-95575/3

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### श्री गुरू नानक देव जी का 554वां गुरूपर्व बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया

**भिलाई।** श्री गुरू नानक देव जी का 554वां गुरूपर्व धन धन शहीद बाबा दीप सिंह जी सुपेला गुरुद्वारा में बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। सभी श्रद्धालुओं ने दरबार साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष शीश नवाया। इसके बाद स्त्री सतसंग जत्थे द्वारा कीर्तन किया गया। हजूरी रागी भाई कमलजीत सिंघ ने शब्द कीर्तन से संगत को निहाल किया एवं विशेष रूप से पहुंचे ज्ञानी सुखविंदर सिंह जी ने श्री गुरूनानक देव जी के दिखाए मार्ग पर चलने का प्रण कराया और साथ ही सभी धर्मों का हमेशा सम्मान करने की बात कही। श्री गुरूनानक देव जी के सिद्धांत किरत करो, नाम जपो, वंड छको पर चलने का प्रण दिलाया। और बताया कि सभी धर्मों का पूर्ण रूप से सम्मान करना चाहिए। जो हिन्दू हैं, वो जनेऊ धारण करें। जो मुस्लिम हैं, वे पांच वक्त की नमाज अता करें और जो सिख हैं, वे अमृतधारी हों। उन्होंने कहा कि गुरूओं के दिखाए मार्ग पर चलने से ही स्वस्थ देश, कौम और समाज की सेवा की जा सकती है। इस अवसर पर गुरू का अटूट लंगर भी वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बार-बार बोले सो निहाल, सत श्रीअकाल के जयकारे भी लगते रहे। इस अवसर पर प्रबंधक कमेटी के प्रधान पलविंदर सिंघ,जसवन्त सिंघ, बलविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, अनूप सिंह, बलकार सिंघ, गुलजार सिंघ, रंजीत सिंह, दलबीर सिंह, नत्था सिंघ, और विशाल संख्या में सिक्ख संगत उपस्थित हुए। समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों को पंथ के लिए उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### सतर्कता जागरूकता सप्ताह का पुरस्कार वितरण समारोह कला मंदिर में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**भिलाई।** बीएसपी के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे निबंध, स्लोगन, क्विज, तात्कालिक वाद-विवाद, भाषण और ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संयंत्र के कर्मचारियों, उनके परिवार के सदस्यों और भिलाई के आसपास के स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों को भ्रष्टाचार के दुष्प्रभाव, सत्यनिष्ठा का महत्व, पारदर्शिता तथा व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन में जवाबदेही का महत्व के प्रति जागरूक करने हेतु इन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं के साथ-साथ और निर्णायकों को सम्मानित करने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग ने 05 नवम्बर 2022 को कला मंदिर, भिलाई में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेषक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राउरकेला स्टील प्लांट के पूर्व सीईओ जी एस प्रसाद उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त संयंत्र के कार्यपालक निदेशक तपन सूत्रधार, कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन), एम एम गद्रे, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक डॉ ए के पंडा, तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, पूर्व एसीवीओ ए सी राठी तथा संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। इसके साथ-साथ पुरस्कार विजेता स्कूल और कॉलेज के छात्र व विभिन्न कार्यक्रमों के प्रतिभागी भी मौजूद थे। समारोह के दौरान स्वागत गीत, पीआईडीपीआई/सतर्कता पर आधारित लघु फ़िल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

# आस्था के पावन पर्व कार्तिक पूर्णिमा पर विधायक पहुंचे शिवनाथ तट

## जनसुविधाओं के लिए 10 लाख की स्वीकृति

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। पूरे देश में उत्साह के साथ मनाए जाने वाले कार्तिक पूर्णिमा के दिन अल सुबह वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा शिवनाथ नदी के तट पर पहुंचे एवं आरती, पूजा में शामिल होने के साथ ही श्रद्धालुओं से भेंट मुलाकात की। वोरा ने शिवनाथ आचमन कर भगवान शंकर का अभिषेक भी किया एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



वोरा ने कहा कि हिन्दू धर्म के शैव एवं वैष्णव दोनों ही मतों में कार्तिक पूर्णिमा का अपना महत्व है जल प्रलय के दौरान वेदों की रक्षा के लिए भगवान विष्णु के प्रथम मत्स्य अवतार का अवतरण इसी दिवस होना माना जाता है। वेदों एवं पुराणों में कार्तिक मास की पूर्णिमा अपना खास महत्व रखती है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक लोग अपनी मान्यताओं के अनुसार इस त्योहार को मानते हैं एवं प्रतीकात्मक गंगा स्नान किया जाता है।

इसके अलावा सिक्ख समाज के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व भी इसी दिन मनाया जाता है। श्रद्धालुओं ने वोरा से नदी तट में होने वाले आयोजनों के दौरान होने वाली समस्याओं से अवगत करवाया जिसके बाद उन्होंने विधायक निधि से वहां स्थित राम जानकी मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के साथ तट पर सुलभ निर्माण करवाने की भी घोषणा की।

निगम अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि शिवनाथ तट पर साल भर में कई आयोजन किये जाते हैं जहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है जिसके दृष्टिगत व्यवस्थाएं बढ़ाना आवश्यक है, सार्वजनिक शौचालय चेंजिंग रूम जैसी मूलभूत सुविधाएं स्मार्ट सिटी की तर्ज पर उपलब्ध कराई जाएं। पुलिस विभाग एवं एसडीआरएफ के अधिकारियों को वोरा ने मौके पर सजग रहने के निर्देश दिए। इस दौरान एल्डरमैन राजेश शर्मा, अंशुल पांडेय, प्रवीण चंद्राकर मौजूद थे। भारतीय शतरंज टीम की कोच

## शिवनाथ नदी के तट पर जरूरतमंदों को पोहा एवं चाय का वितरण

**दुर्ग।** प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर शिवनाथ नदी तट पर बड़ा मेला लगता है, जिसमें सैकड़ों धर्मप्रेमियों की उपस्थिति में सुबह से देर रात्रि तक दीपदान एवं कार्तिक पूर्णिमा स्नान होता है, मेले में प्रतिवर्ष धर्मप्रेमियों की भीड़ को देखते हुए सैकड़ों जरूरतमंद लोग भी भिक्षा मांगने आते है, इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन चन्द्र ग्रहण हो जाने के कारण आज जीवनदायनी शिवनाथ नदी तट पर धर्मप्रेमियों की भीड़ सुबह 7 बजे तक बस देखने को मिली. फिर सँध्या 7 बजे तक बहुत कम संख्या में धर्मप्रेमी शिवनाथ नही पहुँचे, धर्मप्रेमियों की कम उपस्थिति के



कारण जरूरतमंदों को भोजन के लिए तरसना पड़ रहा था, क्योकि प्रतिवर्ष बहुत से धर्मप्रेमियों द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के दिन शिवनाथ नदी में खिचड़ी, पका हुआ चावल दाल, सब्जी एवं अन्य भोजन सामग्री का वितरण किया जाता रहा है, जिसके चलते सभी का पेट भर जाता था, कोई भूखा नही रहता था, परन्तु इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा में चन्द्र ग्रहण होने के कारण धर्मप्रेमियों द्वारा पके हुए भजन सामग्री का वितरण नही किया गया, जीवनदायनी शिवनाथ नदी तट पर भक्त जनों की भीड़ कम होने के कारण जरूरतमंदों को भोजन के लिए तरसना पड़ रहा था, यह देख जन समर्पण सेवा संस्था, संस्था ने अपने उद्देश्य को ध्यान रखते हुए तत्काल सभी जरूरतमंदों के लिए चाय एवं पोहा का वितरण किया गया. जन समर्पण सेवा संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के एक दिन पूर्व ही रात्रि में जरूरतमंद लोग भिक्षा मांगने के लिए डेरा डाल देते है।

## मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर में अब तक 1 लाख 39 हजार 138 लोगों का हो चुका है इलाज




श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का बेहतर क्रियान्वयन भिलाई निगम क्षेत्र में किया जा रहा है। भिलाई निगम क्षेत्र में नवंबर 2020 से शुरू हुए मोबाइल मेडिकल यूनिट में अब तक 1756 शिविर लगाए जा चुके है जिसमें 139138 लोग पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ ले चुके है। निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली और लोगों की जागरूकता से यह संभव हो पाया है। निगम क्षेत्र में योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए महापौर नीरज पाल के निर्देश तथा निगम आयुक्त रोहित व्यास के लगातार मॉनिटरिंग के चलते लोगों को बेहतर चिकित्सा स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है।

योजना के प्रारंभ होने के बाद से ही फ्री में इलाज का सपना साकार हो गया है, मोबाइल मेडिकल टीम अपने निर्धारित शेड्यूल के अनुसार गली, मोहल्लों में पहुंचकर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रही है। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लगने वाले शिविर में अनुभवी चिकित्सक, नर्स के अलावा लैब टेक्नीशियन भी उपलब्ध रहते है, जो लैब में टेस्ट कर इसकी रिपोर्ट मरीजों को शीघ्र उपलब्ध कराते है। माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा प्रारंभ की गई नि:शुल्क स्वास्थ्य की योजना सफल हो रही है, भिलाई निगम क्षेत्र में मोबाइल टीम ने कई दुर्घटना से घायल लोगो, गंभीर बीमारी तथा लंबे समय से बीमार रहने वाले मरीजों का इलाज भी किया है, निगम क्षेत्र के वार्डों में क्रमश: शिविर लगाते हुए लोगों को उनके गली, मोहल्लों में ही जांच व इलाज कर रहे है। स्वास्थ्य शिविर लगने वाले क्षेत्र में मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा मोहल्ले वासियों को अवगत कराया जाता है, इसके अतिरिक्त मुनादी के माध्यम से प्रचार किया जाता है। अनुभवी डॉक्टर के माध्यम से बेहतर चिकित्सा के साथ ही नि:शुल्क दवाइयों का लाभ भिलाई के नागरिक ले रहे हैं। लोगों ने बीपी, शुगर, यूरिन, हिमोग्लोबिन, डब्ल्यूबीसी, आरबीसी, प्लेटलेट्स ब्लड ग्रुपिंग, मलेरिया जैसे सामान्य बीमारियों की जांच के लिए लैब टेस्ट करा रहे है, किसी भी तरह के जांच के लिए इंतजार नहीं करना पड़ रहा है बहुत ही कम समय में जांच की रिपोर्ट दी जाती है, शिविर में आने वाले मरीजों के जांच व चिकित्सकीय परामर्श के बाद 125269 लोगों को उपचार हेतु दवाईयां वितरित की गई है।

### सेना के अधिकारियों ने लिया अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया की तैयारियों का जायजा

## एक दिसंबर से दुर्ग में होनी है भर्ती



श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। भारतीय थल सेना में अग्निवीर एवं नर्सिंग असिस्टेंट की भर्ती के लिए रैली का आयोजन 1 दिसम्बर 2022 से 13 दिसम्बर 2022 तक रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में आयोजित किया जाना है। भर्ती रैली के लिए जिला प्रशासन द्वारा भरपूर तैयारियां की जा रही हैं। मंगलवार को उक्त रैली की व्यवस्था की जानकारी लेने एवं रैली स्थल के निरीक्षण के लिए सेना के अफ़सर दुर्ग पहुचे। इस दौरान सेना के अधिकारयों ने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

दुर्ग में अग्निवीर एवं नर्सिंग असिस्टेंट की भर्ती के लिए रैली की तैयारियों का जायजा लेने ब्रिगेडियर दीपेन्द्र मनराय, उप महानिदेशक भर्ती (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) जबलपुर, कर्नल एस. रमेश संचालक, सेना भर्ती छत्तीसगढ़, आरके कुर्रे, उप संचालक रोजगार विभाग दुर्ग, मेजर सैनी उपस्थित रहे। रविशंकर स्टेडियम में रनिंग ट्रेक निर्माण, मानस भवन में सफ़ाई, मार्शलिंग एरिया के समतलीकरण करने के लिए पीडब्लूएडी के अधिकारी गगन जैन को निर्देश दिया गया। इस मौके पर अपर कलेक्टर अरविंद एक्का भी मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशानुसार सभी आवश्यक तैयारी करने के लिए कहा।

### गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में प्रकाश पर्व की धूम

## हम चाकर गोबिंद के बच्चों ने किया कीर्तन, शहर के दिग्गज हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विविध आयोजनों के बीच सुबह हजूरी रागी जत्था भाई दलजीत सिंह जी ने कीर्तन किया। इसके बाद हम चाकर गोबिंद के बच्चो ने कीर्तन किया। इस्तरी सत संघ की बीबियो ने भी कीर्तन कर संगत को निहाल किया। आज सुबह 8.30 बजे सुबह श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति हुई।



गुरुद्वारा साहिब के प्रधान सेवादार अरविन्दर सिंह खुराना ने बताया आज गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा दुर्ग में सुबह 3 बजे से ही गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की तैयारी शुरू कर दी गई। सुबह 4 बजे से ही संगत पूरे समाज के लिए लंगर बनाने की तैयारियों में जुट गई थी। आज कार्यक्रम के दौरान तरण तारण साहिब से आयी रागी जत्था भाई कुल्विंदर सिंह ने कीर्तन कर संगत को निहाल किया। ज्ञानी ओम वीर सिंह ने संगत को गुरु नानक देव जी की जीवनी के बारे में कथा की।

इसके उपरांत कई सेवादारों को जो बढ़ चढ़ कर गुरु घर की सेवा करते है उन्हें सरोपा एवं मोमेंटो दे कर उनका सम्मान किया इस उपलक्ष्य में दुर्ग एसपी अभिषेक पल्लव, दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, विधायक अरुण वोरा, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, महापौर धीरज बाकलीवाल, पार्षद मनदीप भाटिया, फ़तह सिंह भाटिया, पार्षद राज कुमार नारायणी ,सभापति राजेश यादव,संजय कोहले सहित शहर के कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

सभी ने गुरु जी का आशीर्वाद लिया और संगत को बधाई दी। गुरु नानक जी के प्रकाश पर्व के मौके पर आज गुरुद्वारा साहिब में लगभग 6 हज़ार लोग लंगर में शामिल हुए।

### रात में हुआ कीर्तन

गुरु नानक जी के प्रकाश पर्व के मौके पर रात में भी कीर्तन का कार्यक्रम हुआ। हजूरी जत्था भई दलजीत सिंह जी एवं तरण तारण साहिब के जत्थे भाई कुल्विंदर सिंह कीर्तन कर के संगत को निहाल किया। यह कार्यक्रम आधीरात रात तक चला। इस दौरान गुरुद्वारा साहिब में जमकर आतिशबाजी भी हुई। आज के कार्यक्रम में जातिंदर सिंह लब्बे, सुखदेव सिंह राजू, दलप्रित सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया, सतबीर सिंह भाटिया, जसप्रीत सिंह भाटिया, भूपिन्दर सिंह कुक्कू, महेंदर सिंह खालसा, सिकंदर सिंह सेखो, हम चाकर गोबिंद के हरविंदर सिंह, संदीप सिंह कोंडल, सिमरन जीत सिंह, हर्ष सिंह, दुर्ग ट्रक मालिक संग के अध्यक्ष गुरदीप सिंह राजा ,सिंघारा सिंह सोडी, देवेंदर सिंह, परमजीत सिंह लांगरी, बचन सिंह नागपाल, कमलजीत सिंह जेडी, अमृतपाल सिंह भामरा सहित कई सेवादारों ने अपनी सेवा दी।

### भाजपा सुपेला मंडल की बैठक

## नए अध्यक्ष ने चुनावी तैयारियों पर की चर्चा, कार्यकर्ताओं को किया चार्ज

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई के नवनियुक्त अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया द्वारा लगातार विभिन्न मंडलों की बैठक ली जा रही है। इसी कड़ी में उन्होंने मंगलवार को सुपेला मंडल की परिचयात्मक एवं संगठनात्मक बैठक ली। छत्तीसगढ़ अग्रवाल समाज भवन में हुए इस बैठक में उन्होंने समस्त कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को आगामी 2023 के विधानसभा की तैयारियों में पूरी ताकत से जुट जाने का आह्वान करते हुए कार्यकर्ताओं को चार्ज किया।

इस मौके पर उन्होंने समस्त बूथों की संरचना को मजबूत करने एवं केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष विजय जायसवाल ने दिया। कार्यक्रम का संचालन आकाश माहेश्वरी एवं आभार प्रदर्शन अनीता वर्मा ने किया।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, महामंत्री शंकर लाल देवांगन , पूर्व महापौर निर्मला यादव , डॉ रतन तिवारी, पुरुषोत्तम देवांगन, मनोज तिवारी, अन्नू मिश्रा सहित मुकेश अग्रवाल , चंदेश्वरी बांधे, राकेश नागदेव, रमेश ठाकुर, स्वाति गुप्ता, रमा राजपूत, दीपक भोंडेकर, रूप राम साहू, गीता विश्वकर्मा, सरला आचार्य, पुष्पलता कर, रमेश श्रीवास्तव ,उत्तम साहू, जयप्रकाश यादव, दीपक रावणा, रमेश दादर,धनेश्वर चौहान, रंजीत ठाकुर ,विवेक अग्रवाल, यशवंत पारलेवार, अजय साहनी ,संतोष ठाकुर, रितेश दुबे, अनिल सिंह, सुनील शर्मा, रामानुज ठाकुर, उपेंद्र द्विवेदी ,सौरव जायसवाल ,अनिल सोनकर, दीपा परिहार, स्नेहा शुक्ला, संध्या ठाकुर, रीता सिंह, रवि गणवीर, हर्षल यादव, दिनेश देवांगन, नरेश पंडित, गोवर्धन साहू , रोहित दुबे, सृष्टि सेनगुप्ता , राखी शुक्ला, श्रुति तिवारी, सौरभ चटर्जी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दुर्ग के धान खरीदी केंद्रों की निगरानी करेगी भाजपा

## जिला अध्यक्ष ने कहा- किसानों के हेल्प के लिए बनाया गया है निगरानी दल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में 1 नवंबर 2022 से प्रारंभ धान खरीदी प्रक्रिया में किसानों को कठिनाइयां आ रही है जिसके लिए प्रदेश भाजपा नेतृत्व द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के सहयोग एवं समस्या के समाधान के लिए निगरानी दल के गठन हेतु निर्देशित किया गया है। प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा द्वारा जिले के तीनों विकासखंड के हर धान खरीदी केंद्र हेतु तीन सदस्यीय निगरानी दल गठन किया है जिसमें एक प्रभारी व दो सह प्रभारी की नियुक्ति की गई है।

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्रदेश में धान खरीदी प्रारंभ हो गयी है। प्रदेश के किसान भाई-बहनों को धान बेचने में किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए भारतीय जनता पार्टी प्रतिबद्ध है। किसान भाई-बहनों के सहयोग व समस्या के समाधान के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रभारी व सह प्रभारी की नियुक्ति



की गई है। धान बेचने में किसी प्रकार की समस्या आने पर धान खरीदी केंद्र के भाजपा निगरानी दल द्वारा उसका समाधान कराया जायेगा साथ ही प्रभारी व सह प्रभारी धान खरीदी केन्द्रों की निरंतर निगरानी करेंगे ताकि किसान भाई-बहनों को किसी प्रकार की समस्या न हो।

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने पिछले वर्ष धान खरीदी में किसानों की आई परेशानी को रेखांकित करते हुए कहा कि विगत वर्ष किसान भाई-बहनों को टोकन लेने से लेकर धान की भुगतान प्राप्ति तक सोसायटी और बैंक के अनेक चक्कर लगाने पड़े थे। बारदाने की कमी के चलते किसानों को महंगे दाम पर बाजार से बारदाना लेना पड़ा था। धान के उठाव नहीं होने से धान खरीदी रोक दी जाती थी।

किसान भाई-बहन कई-कई दिन तक धान को रखने के लिए मजबूर हो गए थे, जिसके कारण असमय बारीश से उन्हें आर्थिक हानि भी उठानी पड़ी थी। वर्तमान वर्ष में किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए भाजपा द्वारा प्रत्येक धान खरीदी केंद्र के लिए निगरानी दल का गठन किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950